भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 346 पृष्ठ 12 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 02 जनवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## वैष्णो देवी मंदिर भगदड़: यूपी के मरने वालों के परिजनों को दो-दो रुपये देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** नए साल के पहले दिन तड़के वैष्णों देवी माता मंदिर में हुई भगदड़ से 12 लोगों की मौत हो गई। वैष्णों देवी मंदिर में हुई इस घटना पर सीएम योगी ने चिंता जताते हुए यूपी के मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

# नए साल पर वैष्णो देवी माता मंदिर में मची भगदड़, अब तक दो महिलाओं समेत 12 श्रद्धालुओं की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिला के काटरा शहर में त्रिकुटा की पहाड़ी पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में आज तड़के भगदड़ मचने से 12 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई तथा 13 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि भवन में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ थी और भगदड़ मच गई। पुलिस ने कहा, इस हादसे में कम से कम 12 लोगों के मारे जाने की खबर है तथा कई अन्य लोग घायल हुए हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पुलिस ने कहा, पुलिस, श्राइन बोर्ड, अर्ध सैनिक बलों, स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन की संयुक्त टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। इस बीच एक प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि पिछले सप्ताह किसानों के विरोध को देखते हुए ट्रेनों के निलंबन के कारण यात्रा में गिरावट आई थी, लेकिन ट्रेनों के फिर से शुरू होने के बाद नए साल की पूर्व संध्या पर माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्री कटरा पहुंच गए।

उन्होंने कहा, विशेष रूप से नए साल पर गुफा मंदिर में प्रार्थना करने और माता रानी के दर्शन करने के लिए, तीर्थयात्री भवन की ओर दौड़ पड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने श्री मता वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ की घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ में लोगों की मौत की खबर सुनकर अत्यंत दुख हुआ। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्हें इस घटना के बारे में जानकारी दी।

































## चारा घोटालाः लालू प्रसाद समेत अन्य को दर्ज करानी होगी उपस्थिति

**रांची।** चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले (आरसी 47ए/96) में फैसला आने वाला है। इस मामले में तीन आरोपियों की ओर से बहस नही हो पाई है। उन तीनों आरोपियों की ओर की ओर से बहस पूरी होते ही फैसले की तारीख अदालत में निर्धारित कर दी जाएगी। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने बताया कि मुकदमे का सामना करे रहे आरोपियों को नये साल में कोर्ट खुलते ही उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का नाम भी शामिल है। हालांकि आरोपियों को व्यक्तिगत उपस्थिति की जगह अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की छूट दी गयी है। वर्तमान में मामले में 102 आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। इनमें से लालू प्रसाद समेत 99 आरोपियों की ओर से बहस पूरी हो चुकी है।







## खबर संक्षेप

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन आज

**घूरपुर।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन रविवार के दिन अयोजित है जिसमें जनपद के हजारों गणमान्य नागरिक उपस्थित होगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने बताया कि घूरपुर के इरादतगंज हवाई पट्टी मार्ग स्थित मां गंगा गेस्ट हाउस में रविवार के दिन दोपहर 12 बजे सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

सम्मलेन के मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता रहेंगे। विशिष्ट अतिथि काशी प्रांत क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल जी रहेंगे। साथ ही जनपद के कई सांसद व विधायक व भाजपा जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती सहित भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। बताया कि सम्मेलन में आगामी विधान सभा चुनाव सम्बन्धी रणनीति सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी।

# खंड विकास अधिकारी ने पुरैनी गांव के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान गांव पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, एवं इंटर लॉकिग कार्य समेत चक मार्गों का मौका मुआयना कर विकास कार्यों का जायजा लिया

अखंड भारत संदेश

**करछना।** खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में कराऐ जा रहें विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, एवं इंटर लॉकिग कार्य समेत चक मार्गों का मौका मुआयना कर विकास कार्यों का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने पंचायत में करायें जाने वाले कार्य के प्रति प्रधान की सराहना करते हुए विकास कार्यों में और गुणवत्ता पर कार्य किए जाने पर जोर दिया ।उन्होंन कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए प्रधान की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे गांव के के विकास और लोगों में खुशहाली लाना प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य होता है इस मौके पर खंड विकास अधिकारी के अलावा प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पाण्डेय सहित गांव के गणमान्य लोगों ने अपनी समस्याओ को उनके संमक्ष रक्खा जिसे पूरा करने के लिए प्रधान को दिशा निर्देश देते हुए समय पर पूरा कराने का आश्वासन दिया।



पुरैनी गांव में विकास कार्यों का निरीक्षण निरीक्षण करते खण्ड विकास अधिकारी।

## अतीक के बेटे के साथ रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों को जेल

**प्रयागराज।** अतीक के दूसरे नंबर के बेटे अली के साथ पांच करोड़ की रंगदारी मांगने वाले जीटीबी नगर करेली के सैफ खान और चकिया के फहद उर्फ वसीउर्रहमान को जेल भेज दिया गया। उनके पास से एक पिस्टल और तमंचा बरामद हुआ है। अली तथा अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इस मामले में सात आरोपियों को नामजद करते हुए 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ऐनुद्दीनपुर निवासी जीशान उर्फ जानू के प्लाट पर शुक्रवार की शाम मौजूद था। उसी समय अतीक के दूसरे नंबर का बेटा अली 15-20 लोगों के साथ आया और पिस्टल सटाकर अपने मोबाइल से अतीक से बात कराई। जीशान के मुताबिक अतीक ने फोन पर धमकी दी कि यह प्लॉट उसकी पत्नी के नाम लिख दो या पांच करोड़ रुपया पहुंचा दो। ऐसा न करने पर हाथ-पांव तोड़ने की धमकी दी।

## न्यूज झरोखा

### जंघई की बैंक फ्रेंचाइजी में पीछे से जाली तोड़कर चोरी



**जंघई।** जंघई रेलवे फाटक पर एयरटेल पेमेंट बैंक एवं यूनियन बैंक की फ्रेंचाइजी के कमरे की पीछे से जाली तोड़कर चोरों ने नगदी व लैपटॉप चोरी कर लिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को जानकारी दी गयी जंघई मछलीशहर मार्ग पर रेलवे फाटक के पास बभनियांव गाँव निवासी रितेश कुमार पाठक ने एयरटेल पेमेंट बैंक व यूनियन बैंक से फ्रेंचाइजी लिया है रितेश कुमार यूनियन बैंक का खाता खोलने से लेकर एटीएम व आधार कार्ड से पैसे का लेन देन भी पिछले एक वर्ष से कर रहे हैं ।बीती रात चोर पहले मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर जाने का प्रयास किया किंतु अंदर के लॉक को नही तोड़ पाए ।फिर पीछे की जाली तोड़कर अंदर से डेल कम्पनी का लैपटॉप व 8 हजार नगद उठा ले गए। चोरी की सूचना पाकर पुलिस चौकी जंघई स्टाफ पहुंचीं और मौके का मुआयना कर वापस चली गई।

### ईश्वरदीन कालेज जसरा में शिवपुरी ने जीता मैच



**जसरा।** जसरा के ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज ग्राउंड में आईडीसीएल कॉलेज और शिवपुरी स्पोर्टिंग क्लब के बीच उद्घाटन मैच खेला गया ।जिसमे मुख्य अतिथि आईडीसीएल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ०योगेंद्र सिंह और अमरनाथ गुप्ता ने फीता काटकर मैच सुभारंभ किया ।जिसमें आईडीसीएल ने ट्रांस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। शिवपुरी ने 14 ओवर में सभी विकेट खोकर 108 रन बनाए ।शिवपुरी की तरफ से मनीष ने सबसे ज्यादा 23 रन बनाए और सतीश ने 5 विकेट लिए ।जवाब में आईडीसीएल ने 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 95 रन बनाए ।चंद्रप्रकाश ने सबसे ज्यादा 18 रन और बच्चा ने 2 विकेट लिए ।इस तरह से शिवपुरी ने 13 रन से मैच अपने नाम किया। इस मौके पर हिमाशू गौड़,अंकुर केसरवानी,कुलभूषण मिश्र,अभय मिश्रा,भोलू शुक्ला,संकेत यादव,भोले, रतन पाठक, रवी शर्मा आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

### समाजसेवी ने प्रतापपुर क्षेत्र में अलाव जलवाया



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के चंपापुर, बेला, सोरों, नेवादा,भोगवारा, प्रतापपुर, करूवाडीह, बुढ़िया का इनारा, मैलवन आदि स्थानों पर इस हाड़कंपाती ठंडी में समाजसेवी श्यामबाबू यादव बजती द्वारा ठंडी से राहत देने के लिए अलाव जलवाया गया ।श्याम युवा शक्ति के कार्यकताओं ने गाड़ी से लकड़ी ले जाकर विभिन्न स्थानों पर जरुरतमंदों के मध्य अलाव जलाया श्यामबाबू यादव के इस सराहनीय कदम के लिए सभी ने तारीफ किया है ।इस अवसर पर राजकुमार राजा मौर्या, राजू यादव, सूर्या यादव, रविंद्र यादव, योगेंद्र योगी, अनिल यादव, रंजय यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सांसद के जन्मदिन पर शोध छात्र ने बांटी पाठ्य सामग्री



**जसरा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा में शनिवार को फूलपुर की लोकसभा सांसद केशरी देवी पटेल के 65 वें जन्मदिन पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने 65 मेधावी छात्राओं को कापी, पेन एवं पौधा भेंटकर जन्मदिन मनाये। इस अवसर पर शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने कहा कि जन्मदिन, शादी सालगिरह पर समाज के सम्पन्न लोगों को अपने आस पास के जरुरतमंदों की मदद करके ही जन्मदिन मनाना चाहिए। उक्त कार्य से मानसिक संतुष्टि के साथ ही लोगों के चेहरे पर मुस्कान भी आती है। जो असली समाजसेवा एवं आराधना है। शोध छात्र ने उपस्थित सभी शिक्षिकाओं को अंगवस्त्रम, कलम के साथ पौधे भेंट करके भी सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुकुंती सचान ने छात्राओं की मदद के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपस्थित बेटियों से मन लगाकर पढ़ने एवम अपने माता -पिता, समाज को गौरवान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। निकिता, अनीता पटेल, जान्ह्वी शर्मा,श्रद्धा साहू, महक श्रीवास्तव, माहिमा पटेल प्रीती पाल, राखी पाण्डेय, शिवानी समेत 65 बेटियों को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर सुनीता मालवीया, गीतांजलि, रेखा रानी, गीता पाण्डेय, नीलम गुप्ता, फौजिया नसरीन, ममता शर्मा,रीना यादव आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



### नववर्ष पर जगौती विद्यालय में बच्चों ने मनाया जश्न

**करछना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगौती में श्रीमती इन्दिरा गाँधी विद्यालय में ननिहाल बच्चों ने नव वर्ष के पाकर अवसर पर रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए नये साल के पहले दिन जश्न मनाया और विश्व कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक डाक्टर दिनेशकुमार सोनी प्रधानाचार्य आशा सोनी सहित विद्यालय के शिक्षक शामिल रहे हैं ।

# धोखाधड़ी : जिंदा से मुर्दा दिखा कर भूमि अपने नाम करने वाले घूम रहे

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** धोखा देकर जीवित को मृतक दिखा कर भूमि अपने नाम कराने वाले भू माफियाओं के खिलाफ तहसील स्तर और थाना स्तर पर भले ही कोई कार्यवाही न की जा रही हो, लेकिन मुख्य मंत्री द्वारा उक्त मामलों में किसी को भी न बख्सने की हिदायतों के बावजूद महीनों से मुलजिमान घूम रहे है। ज्ञात हुआ है कि ऐसे लोगों को राजनैतिक संरक्षण मिल रहा है,जिससे मृतक से जिंदा साबित हुई महिला ने महिला आयोग का दरवाजा खटखटाया है।

बता दें कि ग्राम अल्हवा के एक भू माफिया ने अपने एक साथी की रिश्तेदार महिला मालती देवी पाल महुली की ग्राम देवघाट में स्थित भूमि को लेखपाल देवघाट से मिल कर उसे मृत दिखा कर अपने नाम करवा लिया है। यह कांड लेखपाल और उसके रिश्तेदार तथा मित्र और कानूनगो की राय से किया गया। और उसकी जमीन बेची जाने वाली थी कि किसी तरह जिंदा

**मुकद्दमा दर्ज होने पर भी कार्यवाही नहीं, मुख्य मंत्री, महिला आयोग से शिकायत**



महिला को भनक लगी तो जिलाधिकारी से एक संस्था मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट के जरिए मिली और पूरा मामला सुनाया। जिलाधिकारी प्रयागराज ने मामले को गंभीरता से लिया। और तत्पश्चात लेखपाल का निलंबन हुआ और अदालत के हुक्म से थाना कोराव में क्राइम नंबर 420/2021 धारा 419,420,467,468,471,506 आईपीसी के तहत चार लोग नाम जद हैं,किंतु पुलिस अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की।

उक्त मुलजिमानो द्वारा महिला मालती देवी और उसके मदद करने वालों को तरह तरह की धमकियां दी जा रही हैं। इतना तक कि तहसील के अधिकारी भी अपनी करतूतों की रुसवाई से नाराज हैं। कर्मियों को बचाने का दबाव बना रहे हैं। इतना तक कि धोखा धरी का केस वर्क आउट करने वाले पत्रकार तथा ग्राम प्रधान अल्हवा को तरह तरह की धमकियां दी जा रही है। और आरोपी कोटेदार अल्हवा के पुत्र को दंडित न करके उसकी पैरवी कर रहे हैं। जिसकी शिकायत भी प्रधान ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी से लिखित रूप से की है। मलतीदेवी पत्नी सुखलाल पाल महुली देवघाट ने अध्यक्ष राज्य महिला आयोग लखनऊ से शिकायत की, साथ ही पुलिस को मुलजिमानों की गिरफ्तारी की मांग की । साथ ही कोराव पुलिस विवेचनाधिकारी संतोष कुमार ने जिंदा से मृतक दर्शाई गई महिला मालती पाल का बयान दर्ज किया और मुख्य आरोपियों लेखपाल राजबहादुर पटेल आदि का बयान लिया। और साक्ष्य जुटाए, गवाहों के बयान लिए। चर्चा है कि सत्ता के कुछ नेता जनप्रतिनिधि गिरफ्तारी न करने का दबाव बना रहे हैं।

# कीडगंज बवाल पर सीएम सख्त आरोपियों के पर चलेगा बुलडोजर होगी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शनिवार की सुबह उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान नंदी ने सीएम को कीडगंज इलाके में संदीप गुप्ता, विशाल गुप्ता समेत चार लोगों पर हुई फायरिंग के बाद विधायक संजय गुप्ता के बहनोई के भाई विशाल गुप्ता उर्फ राजन की मौत की घटना के बारे में जानकारी दी। नंदी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस पर सीएम ने संबंधित अफसरों से इस मामले में रिपोर्ट मांगते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।सीएम से मुलाकात के बाद कैबिनेट मंत्री नंदी ने बताया कि सीएम ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि उनकी सात पुश्तें याद रखेंगी। सीएम ने यह भी कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा, चाहे वह गुंडा-माफिया हो या फिर कोई सरकारी कर्मचारी। अपराधी से अपराधी की तरह ही निबटा जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई उसके खिलाफ की जाएगी। प्रयागराज के कीडगंज निवासी व्यापारियों पर फायरिंग और हत्या के मामले में जो भी दोषी हैं, उनके घरों पर बुल्डोजर चलाने के साथ ही गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई की जाएगी। नंदी के मुताबिक पूरे प्रदेश में व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले गुंडों, माफियाओं, बदमाशों के साथ ही इस तरह की प्रवृत्ति वाले अन्य लोगों की भी अब खैर नहीं है। उन्होंने कहा कि कीडगंज में हुई घटना के बारे में वह भी पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की रिपोर्ट मांग रहे हैं।



## नव वर्ष पर गरीब महिलाओं को प्रधान शिव गणेश नें वितरित किया कम्बल

### कम्बल पाकर बुजुर्ग महिलाओं के चेहरे पर दिखी खुशी

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत हथसरा गांव के प्रधान शिव गणेश पटेल नें नये साल के पहले दिन गांव की गरीब वृद् महिलाओं के सम्मान एवं ठंड से बचने के लिए उनकों गांव में एक कार्यक्रम के दौरान दर्जनो बृदध महिलाओं को कम्बल वितरण करते हुए सम्मानित किया, सर्दी के मौसम में ठंड से कहर झेल रही बुजुर्ग महिलाओं ने कम्बल पाकर प्रधान शिव गणेश पटेल की सराहना करते हुए आशीर्वाद एवं दुवाएं दी ।इस बावत शिव गणेश पटेल प्रधान हथसरा नें बताया कि गरीबों की मदद् और बडो का सम्मान करना हर मनुष्य का मानव धर्म है, अगर मनुष्य एक दूसरे की मदद् करें तो समाज में उतपन्न गरीबों की मुश्किलें कम हो सकती हैं ।इस मौके गांव के गणमान्य लोगों ने प्रधान के इस कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी।

# खजुरी में आयोजित हुआ पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला

### पशु चिकित्साधिकारी ने एकत्रित पशुपालकों को दी जानकारियां

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** विकासखण्ड कोरांव के ग्राम पंचायत खजुरी में एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां बीमार पशुओं का उपस्थित पशु चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क उपचार किया गया। साथ ही पशुपालकों को किलनी व वर्मी इत्यादि प्रकार के रोगों की निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। पशु आरोग्य मेले का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री अतुल सिंह व जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। आरोग्य मेले में उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी कोरांव शिवनाथ यादव ने उपस्थित पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। साथ ही किन नस्लों के पशु अच्छे होते हैं। दुधारू पशुओं के नस्लों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने खुर पका मुंह पका इत्यादि रोगों से भी बचाव की जानकारी दी। पशु आरोग्य मेले में बीमार पशुओं का उपचार भी किया गया। पशु आरोग्य मेले की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमाशंकर केसरी ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से डॉ दिलीप कुमार, सतीश कुमार, अनिरुद्ध कुमार, अजय कुमार सहित कई पशुपालक मौजूद रहे।



## पटरी खराब होने से बच्चे हो रहे चोटिल

**जसरा।** प्रयागराज- बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा के प्रवेश द्वार पर सड़क की पटरी ऊंची नीची होने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अक्सर साइकिल से गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा उसका समतलीकरण न कराने से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। बताते चलें कि कालेज गेट से लगभग सौ मीटर तक सड़क से पटरी लगभग एक फिट नीचे होने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले हजारों बच्चे आये दिन साइकिल से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अगर विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दिया तो यहां बड़ी घटना होने से कोई रोक नहीं पाएगा।

# रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय : आकाश को मिलेगा कुलाधिपति स्वर्ण पदक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के आकाश कुमार कमल को वर्ष 2020-21 के तहत कुलाधिपति स्वर्ण पदक के लिए चुना गया है। उन्हें यह पदक चार जनवरी को प्रस्तावित राज्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही वैष्णवी अग्रवाल और गौरी श्रीवास्तव को गुलाटी स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

समारोह में कुलभास्कर आश्रम पीजी कालेज से कृषि स्नातक में सर्वाधिक 85.06 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले कानपुर नगर के मंधाना कल्याणपुर निवासी आकाश कुमार कमल को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। आकाश कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एमएससी प्लांट पैथोलॉजी की पढ़ाई कर रहे हैं ।उनके पिता रामकृपाल कमल किसान और मां नीरज देवी गृहिणी हैं। वहीं, नैनी स्थित यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से बीबीए में सर्वाधिक 82 फीसदी अंक हासिल करने पर लालगोपालगंज के वार्ड नंबर-14 स्थित सेठिया मोहल्ले की वैष्णवी अग्रवाल को गुलाटी स्वर्ण पदक दिया जाएगा। वह झांसी स्थित बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से एमबीए की पढ़ाई कर रही हैं। उनके पिता राजेंद्र अग्रवाल एकाउंटेंट हैं। बरौत के उर्मिला देवी डिग्री कालेज से बीसीए में सर्वाधिक 78 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली गौरी श्रीवास्तव को भी गुलाटी स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। गौरी मूलतः हंडिया के वार्ड नंबर-10 की रहने वाली हैं और वर्तमान में हैदराबाद में एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं ।उनके पिता सुनील श्रीवास्तव अधिवक्ता और मां चंदा श्रीवास्तव शिक्षिका हैं। राज्य विवि के पीआरओ डॉ. अविनाश कुमार श्रीवास्तव के अनुसार दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा शामिल होंगे। अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। कुलपति डॉ. अखिलेश सिंह की मौजूदगी में नैनी स्थित विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से समारोह की शुरूआत होगी।

## दीवाल से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बेगमपुर गांव के समीप आरओ प्लांट की दीवाल से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दो युवक गंभीर घायल हो गए हैं। आस - पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु भेज दिया है। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लिखा पढ़ी कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक बंगाल प्रांत के सुजन उम्र लगभग 25 वर्ष जैंतु उम्र लगभग 22 वर्ष व सुजन कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष तीनों युवक अपने अन्य साथियों के साथ बंगाल प्रांत से आकर ब्रिज बिहारी सहाय इंटर कालेज कादिलपुर में रहकर मजदूरी करते थे और उक्त तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर मीरपुर बाजार सब्जी लेने जा रहे थे। लेकिन, बेगमपुर गांव के समीप पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक आरओ प्लांट की दीवाल से टकरा गई जिसमें सुजन उम्र लगभग 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है और जैंतू व सुजन गंभीर घायल हो गए हैं। जिन्हे, हॉस्पिटल भेजा गया।

# संगम की रेती पर विस्थापितों के लिए बसेगा गंग द्वीप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गंगा की कटान में भूमि विलीन होने के बाद परेशान आध्यात्मिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के आचार्यों-तपस्वियों को माघ मेले से विस्थापित होने की चिंता छोड़ देनी चाहिए। सेक्टर-एक स्थित संगम नोज और सेक्टर दो में महावीर मार्ग- सरस्वती मार्ग से विस्थापित हुई संस्थाओं को बसाने के लिए संगम की रेती पर गंग द्वीप बसाने की योजना तैयार की गई है। गंगा का प्रवाह कम होने के साथ ही गंग द्वीप में विस्थापितों के अलावा पिछले वर्ष कोरोना काल में न आने वालों और कुछ नई संस्थाओं को भी बसाया जाएगा।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने रेती पर गंग द्वीप बसाने के लिए सेक्टर चार और पांच के बीच जगह चिह्नित की गई है। लेकिन, जहां गंग द्वीप बसाने की योजना है, वहां अभी गंगा का प्रवाह बना हुआ है। सिंचाई विभाग ने अभी प्रवाह बढ़ने की भी आशंका जताई है, ऐसे में मेला प्रशासन को प्रस्तावित गंग द्वीप में पानी सूखने का इंतजार है। दारागंज के सामने बसने वाले नए गंग द्वीप के लिए 70-80 बीघे जमीन आवंटित की जा सकती है। जरूरत के लिहाज से इस रकबा को बढ़ाया भी जा सकता है। अफसरों का कहना है कि इस द्वीप में सेक्टर एक और सेक्टर दो से विस्थापित 80 से सौ संस्थाएं बसाई जाएंगी।

## आनंद गिरि की गंगा सेना को संगम नोज पर नहीं मिलेगी जमीन

बाघंबरी गद्दी मठ के महंत और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में जेल में बंद योगाचार्य आनंद गिरि को इस बार माघ मेले में संगम नोज पर जमीन नहीं मिलेगी। आनंद गिरि की गंगा सेना का शिविर जहां लगता था, वहां कटान हो गई है। ऐसे में गंगा सेना के लिए भूमि आवंटन नहीं हो सकेगा।

### पिछले वर्ष नहीं आ सकी थीं दो दर्जन संस्थाएं

इसके अलावा कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले वर्ष के माघ मेले में जो दर्जनों संस्थाएं नहीं आ सकी थीं, संस्थाओं के संचालकों ने इस बार मेले में बसने के लिए फिर आवेदन किया है। ऐसे में मेला प्रशासन ने उन्हें भी इसी गंग द्वीप में जगह देने के लिए मन बनाया है। इसी तरह इस बार नई संस्थाओं को भी इसी गंग द्वीप में भूमि आवंटित करने की योजना है, ताकि आध्यात्मिक महत्व के इस नए द्वीप में मास पर्यंत मेले में संतों-भक्तों का समागम हो सके। हर किसी से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। कटान से विस्थापित हुई संस्थाओं के अलावा नई संस्थाओं को भी गंग द्वीप में बसाया जाएगा। जल स्तर घटने के बाद आवश्यकतानुसार भूमि गंग द्वीप के लिए चिह्नित की जाएगी। -शेषमणि पांडेय, मेलाधिकारी।

# समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं









































































## खबर संक्षेप

### दंपत्ति को मारपीट कर दबंगों ने किया लहूलुहान

**कौशांबी करारी।** थाना क्षेत्र के बजहा खुर्रम पुर गांव के मजरा कटरा निवासी कमला देवी पासी पत्नी संतोष कुमार ने थाना अध्यक्ष करारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि 29 दिसंबर को 3:00 बजे दिन में गांव के विजय बहादुर ननका पवन तेजबली आदि लोगों ने मिलकर महिला के ऊपर हमला कर दिया जिससे महिला को चोटें आई हैं बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति संतोष कुमार को भी मारपीट कर लहूलुहान किया गया है पीड़ित महिला ने थानेदार को शिकायती पत्र दिया है बताया जाता है कि आरोपी गणों द्वारा महिला के देवर की जबरिया शादी करवाना चाहते हैं जिसका विरोध महिला कर रही है इसी बात से आरोपी रंजिश मानते हैं और दंपत्ति पर हमला कर लहूलुहान कर दिया है 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

# व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाय : डीएम

अखंड भारत संदेश



व्यापारियों की बैठक में संबोधित करते डीएम व बैठक में उपस्थित व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि व अन्य

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय।

पूर्व बैठक में प्राप्त प्रकरणों पर की गयी कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा के दौरान व्यापारियों द्वारा बताया गया कि मालवाहक टैंकरों एवं कामर्शियल वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने में असुविधा हो रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने असिस्टेण्ट कमिश्नर वाणिज्यकर को ए0आर0टी0ओ0 के सहयोग से कैम्प लगवाकर बनवाने के निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य परिवहन निगम की बसें भरवारी बाजार के अन्दर से न जाकर रोही बाई-पास से निकल जाती है, जिससे व्यापारियों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने असिस्टेण्ट कमिश्नर वाणिज्यकर को उनकी तरफ से ए0आर0एम0 रोडवेज को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये।

बैठक में व्यापारियों द्वारा देवीगंज बाजार में सुलभ शौचालय बनाये जाने की मॉग पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 को सुलभ शौचालय बनाये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। व्यापारियों द्वारा मनौरी फ्लाई ओवर पर प्रकाश की व्यवस्था किये जाने की मॉग पर जिलाधिकारी ने असिस्टेण्ट कमिश्नर वाणिज्यकर को लो0नि0वि0 के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को बिल सम्बन्धी विसंगतियों को निस्तारित करने के भी निर्देश दिये हैं। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला उद्यान अधिकारी सुरेन्द्र भाष्कर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी, युवा जिलाध्यक्ष अरविन्द केसरवानी प्रेमचन्द्र चौधरी एवं राजेश अग्रहरि अंशुल केसरवानी एवं प्रमोद साहू आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### एसएन कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया न्यू ईयर सेलिब्रेशन



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी के एसएन कान्वेंट स्कूल में वर्ष 2022 न्यू ईयर सेलिब्रेशन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है स्कूल के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में जमकर धमाल मचाया है इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलाम हुसैन पूर्व जिला महासचिव 253 विधानसभा चायल संभावित प्रत्याशी समाजवादी पार्टी ने मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहुँच कर चार चांद लगाया है इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सपा नेता गुलाम हुसैन ने कहा कि वर्ष 2021 में किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता और आने वाला नया वर्ष खुशियों से भरा हो इसी के साथ उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं इस मौके पर प्रबंधक नौशाद अहमद संतोष केसरवानी जिला अध्यक्ष व्यापार सभा सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग और शिक्षक मौजूद रहे।

### बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने काट डाला हरा फलदार पेड़



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा ग्राम सभा के मजरा फतेहपुरवा में महुआ के हरे पेड़ को लकड़ी माफियाओं ने दिन दहाड़े काट दिया है बेखौफ लकड़ी माफिया हरे पेड़ की लकड़ी को वाहन में भरकर उठा ले गए हैं हरे पेड़ की लकड़ियों से स्थानीय पुलिस ने भी अलाव के नाम में लकड़ी रखवा ली है स्थानीय पुलिस मूक दर्शक बनी देखती रह गई है बताया जाता है कि सुंदर पासी ने हरे महुआ के पेड़ को सटई गांव के लकड़ी माफिया शंकरलाल भुल्लन के हाथ 13 हजार रुपए में महुवा का हरा पेड़ बेच दिया था हरे पेड़ को खरीदने के बाद लकड़ी माफिया शंकरलाल भुल्लन मजदूरों के साथ इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन लेकर पेड़ के पास पहुंचा और देखते देखते उसने विशाल पेड़ को धराशाई कर दिया है बताया जाता है कि यह लकड़ी माफिया बीते कई वर्षों से हरे पेड़ों की कटान में लिप्त है और इलाके में सैकड़ो हरा फलदार पेड़ यह काट चुका है लकड़ी माफिया को स्थानीय पुलिस और वन विभाग का संरक्षण प्राप्त है इलाके के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लकड़ी माफिया पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### नए वर्ष की जश्न में डूबे रहे वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग



**कौशाम्बी।** नए वर्ष की सुबह से ही पूरे जिले में जश्न का माहौल रहा है नए वर्ष की बधाइयां और शुभकामनाएं देने का पूरे दिन सिलसिला चलता रहा है सोशल मीडिया के व्हाट्सएप के माध्यम से भी नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाओं का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा मिठाई की दुकानों और होटलों में पार्टियां आयोजित कर लोगों ने नए वर्ष का जश्न मनाया है इसी तरह सरकारी कार्यालयों में भी पूरे दिन नववर्ष के जश्न के माहौल में बधाइयों का सिलसिला चलता रहा जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा स्थित बृद्ध आश्रम में निवास कर रहे बुजुर्ग लोगो ने नए वर्ष का जश्न बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया है वृद्धा आश्रम में नए वर्ष के जश्न में केक काटकर नए वर्ष की खुशियां मनाई गई इस मौके पर आश्रम संचालक आलोक राय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




स्काउट रैली का दृश्य

# स्काउट गाइड ने बैंड पार्टी के साथ निकाली मतदाता जन जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी जनपद कौशाम्बी के तत्वाधान में आज दिनांक 31 दिसम्बर को मतदाता जागरूक रैली को जिला अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जिलाधिकारी कार्यालय से निकलकर मंझनपुर चौराहा होते हुए स्काउट्स और गाइड ने लोगों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदान एक वोट भी न रह जाए ,आओ ये करके दिखलाएं जन-जन को जगाना है, वोट डालने जाना है आदि नारे लगाते हुए मंझनपुर तहसील के प्रांगण में पहुंचे तहसील में उप जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए रैली का समापन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कमिश्नर स्काउट सी0 एल0 सरोज, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू , स्काउट मास्टर रामदास जनपद के समस्त स्काउट और गाइड आदि उपस्थित रहे।

## लोडर से माल उतारते समय गिरा पल्लेदार इलाज के दौरान मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 4 रसूलपुर मढिया मई निवासी संतान पुत्र पितांबर हाथरस ट्रांसपोर्ट की गाड़ी से 31 दिसंबर 2021 को भरवारी में माल उतारने गया था जानकारी के अनुसार माल उतारते समय पल्लेदार नीचे गिर गया जिससे पल्लेदार संतान पुत्र पीताम्बर को गहरी चोट आ गई ट्रांसपोर्ट के ड्राइवर ने पल्लेदार संतान को इलाज के लिए सिराथू के निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया था जहां उसका उपचार चल रहा था लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान पल्लेदार की मौत हो गई मृतक संतान के पुत्र आलोक ने ट्रांसपोर्ट मालिक के खिलाफ स्थानीय थाने कोखराज में मुकदमा लिखा कर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए फरियाद की स्थानीय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की कार्यवाही में जुट गई है वहीं मौत की खबर से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# चोरी के बाइकों के अलग अलग पुर्जे पुर्जे बरामद

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना की भरवारी चौकी पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के सदस्यों की घेराबंदी कर उनके कब्जे से चोरी की बाइक के पुर्जे पुर्जे बरामद किए हैं लेकिन गिरोह के सदस्य पुलिस को चकमा देकर भाग जाने में सफल हो गए हैं गिरोह के सदस्य चोरी के बाइक के पुर्जे पुर्जे अलग कर उसे बेचने जा रहे थे लेकिन बेचने के पहले गिरोह के सदस्य के कारनामे की जानकारी पुलिस को लग गयी और कबाड़ी की दुकान में बेचने जा रहे बाइक के पुर्जे पुर्जे को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया मौका मिलते ही गिरोह का सदस्य भाग खड़ा हुआ जिसकी तलाश पुलिस कर रही है इलाके में लंबे समय से बाइक चोरी की घटनाएं की शिकायतें होती थी प्रयास के बाद भी पुलिस के हाथ खाली रह जाते थे गिरोह के सदस्य चोरी की बाइक के पुर्जे पुर्जे अलग कर देते थे जिससे खुलासे नहीं हो पाते थे लेकिन पुलिस की सक्रियता से चोर गिरोह के कब्जे से पुलिस ने बाइक के कटे हुए पुर्जे बरामद कर लिए हैं। भरवारी चौकी पुलिस ने घटना का पदार्फास करते हुए एक चार पहिया ठेले में लगभग आधा दर्जन बाइक के अलग-अलग पुर्जों को बरामद किया है चोरी की बाइकों को गिरोह के सदस्यों ने कटर से काट काट कर अलग अलग कर दिया है सामान को ठेले में लेकर गिरोह के सदस्य कबाड़ी के यहा बेचने जा रहे थे जिसकी सूचना मुखबिर के द्वारा पुलिस को लग गयी वही कटी हुई बाइक से लदी हुई एक ठेला लेकर भागने में गिरोह के सदस्य सफल हो गए हैं खबर लिखे जाने तक पुलिस चोरो की तलाश में लगी हुई है वही चौकी इंचार्ज सरवन कुमार सिंह ने बताया कि बाइक इस कदर काटी गयी है कि उसकी पहचान करना बहुत ही मुश्किल है।

# आजादी का मतलब सबको स्वास्थ्य शिक्षा न्याय मिलना है : सुशील जयहिंद

अखंड भारत संदेश

### समर्थ किसान पार्टी उम्मीदवार सुशील जय हिंद ने शुक्रवार को अपने युवा टीम के साथ सराय अकिल खोपा आदि कई गांव में जनसंवाद किया



आम जनता से संपर्क करते समर्थ किसान पार्टी प्रत्याशी सुशील जय हिंद

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार सुशील जय हिंद ने शुक्रवार को अपने युवा टीम के साथ सराय अकिल खोपा आदि कई गांव में जनसंवाद किया गरीबों की दुर्दशा देखकर उन्होंने कहा सरकार कोई भी कदम नहीं उठा रही है उन्होंने कहा कि आजादी का मतलब सबको स्वास्थ्य शिक्षा न्याय मिलने का एक सपना था लेकिन शहीदों का वह सपना आज पूरा नहीं हो पा रहा है उन्होंने कहा की आने वाले समय में आप लोग मेरा साथ दें और मुझे विजई बनाएं उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा न्याय सबको मिलेगा और आजादी का सपना पूरा होगा बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञान बाबू हरि ओम सूरज केसरवानी गोविंद सर केसरवानी मनोज अप्पू रमेश चंद रामबली शिवम सोनी दीपक केसरवानी कृष्ण मोहन शिवनंदन रामबाबू विश्वकर्मा हर्ष त्रिपाठी त्रिपुरारी पाल शरतचंद्र आए विवेक बब्बू भाई लाल आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## नववर्ष के उपलक्ष्य में उत्साही युवकों ने खिलाया लंगर

**अझुवा कौशाम्बी।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में आदर्श नगर पंचायत अझुवा शायरी माता तिराहे पर स्थानीय युवकों ने लंगर का आयोजन किया अति व्यस्त मार्ग पर निकलने वाले व्यक्तियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए लंगर में सृजित दमालू बूंदी का प्रसाद देकर मंगल कामनाएं की है ज्ञानेंद्र स्वर्णकार ने बताया कि नव वर्ष के शुभागमन पर हम लोगों का स्वागत करने हेतु तत्पर हौ मुहल्ले के साथी युवक भारतीय परंपरा को अहमियत देते हुए मानवता की सेवा को सर्वोपरि रखते हुए इस लंगर का आयोजन किया गया है। इस दौरान रमेश प्रसाद केसरवानी,राजू केसरवानी,उमेश कुमार मौर्य, सोनू अग्रहरी,चांद मोहम्मद, सनी खाद वाले ,धर्मेंद्र किराना सहित सहयोगी युवक मौजूद रहे। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ समाज सेवी ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से भारतीय संस्कृति और मानव सेवा का सम्बल मिलता है।

# राधेश्याम चौधरी होंगे मंझनपुर विधानसभा से समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार

अखंड भारत संदेश

### मंझनपुर विधायक बना तो लोगों की करूंगा सेवा और सम्मान : राधेश्याम चौधरी



क्षेत्र भ्रमण करते पार्टी प्रत्याशी और उनके समर्थक

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने मंझनपुर विधानसभा से राधेश्याम चौधरी को मैदान में उतारा है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय मंझनपुर में पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने उनके नाम की घोषणा की। इस दौरान पार्टी के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता लड्डू खिलाकर एवं माल्यार्पण कर राधेश्याम चौधरी को बधाई दी।

समर्थ किसान पार्टी कार्यालय मंझनपुर में पार्टी की एक बैठक का शुक्रवार को आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंझनपुर विधानसभा से राधेश्याम चौधरी को समर्थ किसान पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया। इस अवसर पर उन्हें समर्थ किसान पार्टी की सदस्यता कराई गई। इस दौरान समर्थ किसान पार्टी के सभी कार्यकताओं ने उनको मंझनपुर विधानसभा से विधायक बनाने का संकल्प लिया। इसके पूर्व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी जिले की तीनों विधानसभाओं में मजबूती से चुनाव लडेगी और किसानों नवजवानों गरीबों के समर्थन से विधायक बनाने का काम करेगी। राधेश्याम चौधरी ने कहा कि अगर मंझनपुर विधानसभा से मै चुनाव जीतूंगा तो मंझनपुर क्षेत्र का का संपूर्ण विकास करूंगा और लोगो की हर स्तर पर सेवा एवं सम्मान करूंगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम चन्द्र केसरवानी, सिराथू विधानसभा प्रत्याशी विजय शुक्ला, ताम्रध्वज जायसवाल, गणेश सोनी, अशोक विश्वकर्मा, गोविंद मिश्र, अंकित तिवारी, शफीक अहमद, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

# किसी राष्ट्रीय दल से जनसत्ता दल का जल्द हो सकता है गठबंधन : पूर्व सांसद

अखंड भारत संदेश

### जनसत्ता दल पार्टी की मासिक बैठक में सैकड़ो लोग रहे मौजूद



**भरवारी कौशाम्बी।** जनसत्ता दल की मासिक बैठक मंझनपुर मुख्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष माजिद अली की अध्यक्षता में संपन्न हुई है बैठक में पूर्व सांसद पार्टी के प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार ने आए हुए सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा 2022 के चुनाव में किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल के साथ गठबंधन हो सकता है उन्होंने कहा कि कौशांबी की तीन विधानसभा सीट में एक सीट जनसत्ता दल के खाते में आने की उम्मीद है पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी अपनी मजबूती की तैयारी अभी से शुरू कर दें उन्होंने कहा कि कौशांबी जिले की एक विधानसभा सीट की गठबंधन के साथ अधिकृत घोषणा की खुशखबरी जल्द की जा सकती है उन्होंने कहा कि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया पूर्व काबीना मंत्री आम जनमानस की सेवा अधिक करते हैं और राजनीति को सेवा नीति मानकर काम करते हैं जिसकी वजह से वह बार-बार विधायक चुने जाते हैं राजा भैया का बार बार विधायक चुना जाना एक इतिहास कायम हो गया है उन्होंने कहा कि राजा भैया की तरह पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकताओं द्वारा राजनीत के बजाय सेवा नीति के तहत आम जनता की जन समस्याओं को सुलझाया जा रहा है नव वर्ष के प्रथम दिन उन्होंने विधानसभा के चुनाव की गणित पर भी चर्चा कर कार्यकताओं पदाधिकारियों को समझाया है इस मौके पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह चौहान इरफान अहमद रेहान अहमद मंगल सिंह अतर सिंह आदि रहे।

## कोखराज गांव में नगदी जेवर उठा ले गए चोर

### आपरेशन करवाने के लिए गरीब ने रखे थे रुपये

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोखराज गांव मे बाबादीन प्रजापति पुत्र राम सजीवन प्रजापति के घर बीती रात चोरों ने सेंध काटकर नगदी और आभूषण सहित अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया बाबादीन प्रजापति के पेट में बीमारी थी जिसका इलाहाबाद में ऑपरेशन करवाना था ऑपरेशन करवाने के लिए गरीब ने पैसा एकत्रित किया था जिसे बीती रात चोर उठा ले गए जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।

# भूमि धरी जमीन पर बने मकान को तालाब बता कर लेखपाल ने पकड़ा दिया नोटिस

### नोटिस के बहाने लेखपाल और ग्राम प्रधान ग्रामीणों से मांग रहे 50-50 हजार की रकम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के दरियापुर गांव में तैनात लेखपाल और ग्राम प्रधान की सांठगांठ से ग्रामीणों के पूर्व से बने मकान को गिराने की तैयारी चल रही है अवैध तरीके से नोटिस दिए जाने और मकान गिराए जाने की धमकी दिए जाने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है अपनी निजी भूमि धरी जमीन में 50 वर्ष पहले से बने मकानों को तालाब में बने मकान बता कर लेखपाल ने ग्रामीणों को नोटिस पकड़ा दी है गांव के 17 लोगों को चायल तहसील के हल्का लेखपाल से नोटिस मिलने के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन लेखपाल की तानाशाही पर रोक लगाने का अभी तक अधिकारियों और नेताओं ने प्रयास नहीं किया है।

चायल तहसील क्षेत्र के दरियापुर गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल और ग्राम प्रधान प्रत्येक परिवार से 50--50 हजार रुपए की डिमांड कर रहे हैं ना देने पर लेखपाल ग्राम प्रधान के साथ मिलकर साजिश रच कर उनके निजी भूमि पर बने भवन को धराशाई करने का प्रयास कर रहे हैं ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लेखपाल और भ्रष्ट प्रधान पर कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें चायल तहसील के दरियापुर गांव निवासी रामपाल ने बताया कि उसका मकान 50 वर्ष पूर्व से भूमिधरी जमीन पर बना है इस जमीन पर बने मकान को गिराने की धमकी लेखपाल और ग्राम प्रधान दे रहे हैं रामपाल का कहना है कि उससे 50 हजार रुपए की डिमांड ग्राम प्रधान ने किया था जब रकम नहीं दी गई तो उसे नोटिस पकड़ा दी गई है इसी गांव के विनोद कुमार दुखी लाल और संतोष कुमार सहित 17 लोगों को लेखपाल ने नोटिस दी है नोटिस मिलने के बाद ग्रामीणों ने बताया कि उनके मकान निजी जमीन पर बने हैं संतोष कुमार ने बताया कि उसका और उसके भाई विनोद कुमार दुखी लाल का मकान आराजी संख्या 127 पर बना हुआ है उसके बाद भी उन्हें तालाब की जमीन बताते हुए लेखपाल ने नोटिस पकड़ा दी है ग्रामीणों में भय व्याप्त कर अवैध वसूली में लिप्त लेखपाल के कारनामे से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भ्रस्ट लेखपाल और ग्राम प्रधान पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## सपा सरकार में गुंडों से त्रस्त थी आम जनता : डिप्टी सीएम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशांबी जनपद के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान समाजवादी पार्टी बहुजन समाज पार्टी पर जमकर निशाना साधा है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासन में उत्तर प्रदेश में चारों ओर अपराध अत्याचार अन्याय से आम जनता त्रस्त थी समाजवादी पार्टी सरकार में गुंडे सड़क पर आम जनता व्यापारियों को परेशान करते थे उन्होंने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है गुंडे या तो जेल चले गए हैं या उन्होंने अपराध करना छोड़ दिया है उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास हुआ है आम जनता को आवास दिए गए हैं भयमुक्त समाज की स्थापना योगी सरकार ने की है इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकताओं से भी मुलाकात कर उनसे वार्ता की। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कसिया पश्चिम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद किया जैसे ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कसया पश्चिम गांव पहुंचे कार्यकताओं पदाधिकारियों ने उनको माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया है इस दौरान उनके साथ जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के अलावा मंझनपुर विधायक लाल बहादुर सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी धर्मराज मौर्य अरुण केसरवानी मंझनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लव-कुश मौर्या सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

## नगदी जेवर उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोखराज गांव मे बाबादीन प्रजापति पुत्र राम सजीवन प्रजापति के घर बीती रात चोरों ने सेंध काटकर नगदी और आभूषण सहित अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया बाबादीन प्रजापति के पेट में बीमारी थी जिसका इलाहाबाद में ऑपरेशन करवाना था ऑपरेशन करवाने के लिए गरीब ने पैसा एकत्रित किया था जिसे बीती रात चोर उठा ले गए जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।

## दिसंबर माह के द्वितीय चक्र के राशन का वितरण जनवरी के प्रथम सप्ताह में दो दिन होगा

### आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के आदेश पर जिला पूर्ति अधिकारी ने और समीक्षकों कोटेदारों को दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र० जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र सं0 4418/आ०पू०रा०- निःशुल्क वितरण/2021 दिनांक 31.12.2021 के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जारी अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी के लाभार्थियों के राशन कार्डों में माह दिसम्बर, 2021 के द्वितीय वितरण चक्र दिनांक 27.12.2021 से 31.12.2021 के मध्य निःशुल्क खाद्यान्न 05 कि0ग्रा0 (03 कि0ग्रा0 गेहूँ व 02 कि०ग्रा० चावल) प्रति यूनिट की दर से वितरण किया जाना था। जिसे बढ़ाकर दिनांक 02.01.2022 एवं 03.01.2022 कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी कौशांबी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत जनपद- कौशाम्बी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जारी अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी के लाभार्थियों के राशन कार्डों में माह दिसम्बर, 2021 के अतिरिक्त खाद्यान्न 05 कि०ग्रा० (03 कि०ग्रा० गेहूँ व 02 कि०ग्रा० चावल) प्रतियूनिट की दर से निःशुल्क वितरण की अन्तिम तिथि 31.12.2021 से बढ़ाकर दिनांक 02.01.2022 एवं 03.01.2022 को आधार ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से किया जायेगा। स्पष्ट किया जाता है, कि जिन कार्ड धारकों को आधार प्रमाणीकरण से खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। उन्हें मोबाइल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से माह दिसम्बर, 2021 की तिथि दिनांक 31.12.2021 के साथ ही दिनांक 03.01.2022 को भी रहेगी। कार्डधारक सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से निःशुल्क खाद्यान्न निर्धारित स्केल में नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थित में कोवड-19 के दृष्टिगत शासन के निदेशों के अनुसार सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए मास्क व सेनेटाइजर व साबुन, पानी आदि को प्रयोग कर हस्तप्रक्षालन के उपरान्त निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिला पूर्ति अधिकारी ने समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पूर्ति निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी जनपद-कौशाम्बी को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में पात्र कार्डधारक खाद्यान्न पाने से वंचित न रहें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।
















































## सम्पादकीय

### हैपी न्यू ईयर

आज यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या साल 2022 में हम एक बार फिर लॉकडाउन जैसी त्रासद स्थिति का गवाह बनेंगे? क्या एक बार फिर हमारे अस्पताल भरे हुए दिखने लगेंगे????निश्चित रूप से नए साल के मौके पर ऐसी कल्पना सुखकर नहीं है। लेकिन मौका कोई भी हो, सचाई से आंखें मूंद लेना समझदारी नहीं कही जाती। पिछले दो वर्षों से जिस कोरोना वायरस ने मनुष्य समाज पर अपना काला साया डाल रखा है, उससे मुक्त होने की लड़ाई अभी लंबी चलने वाली है। साल 2021 में खासकर वैक्सीन आने के बाद माना जाने लगा कि अब हमारा हर कदम कोरोना महामारी से बाहर निकलने वाला होगा और हम सदियों में एक बार आने वाली ऐसी आपदा से जीत जाएंगे। मगर साल के आखिर तक आते-आते वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन ने एक बार फिर सबको सकते में डाल दिया। फिर से तमाम देश इंटरनैशनल फ्लाइट्स पर पाबंदियां लगाने लगे। भारत में भी अब तक 23 राज्यों में ओमीक्रोन के मामले पाए जा चुके हैं। वित्तीय राजधानी मुंबई सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में है। राजधानी दिल्ली उससे कुछ ही पीछे दूसरे नंबर पर है। मुंबई में जहां 15 जनवरी तक के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है, वहीं दिल्ली में भी नाइट कर्फ्यू और मेट्रो-बसों में 50 फीसदी यात्री क्षमता की इजाजत जैसी पाबंदियां लगाई जा चुकी हैं। इसलिए आज यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या साल 2022 में हम एक बार फिर लॉकडाउन जैसी त्रासद स्थिति का गवाह बनेंगे? क्या एक बार फिर हमारे अस्पताल भरे हुए दिखने लगेंगे?

निश्चित रूप से नए साल के मौके पर ऐसी कल्पना सुखकर नहीं है। लेकिन मौका कोई भी हो, सचाई से आंखें मूंद लेना समझदारी नहीं कही जाती। वैसे हकीकत अगर यह है कि दुनिया कोरोना के खिलाफ अपनी जंग अभी जीत नहीं पाई है तो यह भी है कि हमने उसका मुकाबला बेहतरीन ढंग से किया है। वायरस बार-बार रूप बदल रहा है तो हम भी उससे निपटने के नए-नए तरीके खोज और अपना रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के मद्देनजर डब्ल्यूएचओ ने यह उम्मीद जाहिर की है कि संभवतः साल 2022 कोरोना के तीक्ष्ण दौर का अंत साबित होगा। यहां यह भी दोहराने की जरूरत है कि वायरस के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए हमें इकॉनमिक रिकवरी का भी ध्यान रखना होगा ताकि एक मोर्चे पर आगे बढ़ते हुए हम दूसरे अहम मोर्चे पर पीछे न रह जाएं। एक राष्ट्र के रूप में भी हमें ऐसी ही दोतरफा नीति अपनाते हुए आगे बढ़ना है। इसी भावना के तहत चुनाव आयोग ने पांच राज्यों- यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर- के विधानसभा चुनाव समय पर करवाने का फैसला किया। इसी साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों की जीत-हार देश के राजनीतिक समीकरणों को तो प्रभावित करेगी, लेकिन बड़ी बात यह है कि इससे देश का लोकतांत्रिक जज्बा दिखेगा। हम खुद को और पूरी दुनिया को बताएंगे कि उथल-पुथल चाहे जैसी भी आए, उनसे न तो हमारा चरित्र बदलेगा और ना ही निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प कमजोर पड़ेगा। अपने इसी संकल्प और स्पिरिट के साथ हम बाहें खोलकर, पूरे दिल से नए साल का स्वागत करते हैं।

# नया साल, कैसे कम हो मानव जीवन पर सवाल

**ऋतुपर्ण दवे**

नए वर्ष 2022 में कोरोना के साथ विकास से पैदा प्रदूषण भी मानव अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बनेगा। तापमान बढ़ने के सिलसिले को यदि इस बरस भी गंभीरता से लिया गया तो बस आठ साल ही बचे हैं, जब धरती का बुखार का लाइलाज होगा! साल 2022 का यह सबसे बड़ा सवाल है? सबको पता है 2030 से 2052 तक धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा जो पर्यावरण खातिर खासा प्रतिकूल होगा। शोधकर्ता बताते हैं कि वाहनों, उद्योगों, कारखानों से निकली कॉर्बन डाईऑक्साइड से पादप, फंफूदी पराग, बीजाणुओं का उत्पादन बढ़ता है जो हवा संग हमारे शरीर में पहुंच अस्थमा, राइनाइटिस, सीओपीडी, स्किन कैंसर एवं अन्य तमाम एलर्जी सरीखी घातक बीमारियों की वजह बनता है। हमने जेट रफ्तार से तरक्की तो कर ली लेकिन इन सबसे भी तेज सुपरसोनिक रफ्तार से अपने विनाश की कहानी भी रच डाली। खुद की बेहतरी की आड़ में हमने प्रकृति को लगातार विकृत किया। महज चंद वर्षों में घोरतम अन्याय करते हुए यह तक भूल बैठे कि जिसे हम तहस-नहस कर रहे हैं, उसे बनने में लाखों बरस लगे थे! ग्रीन हाउस गैसें कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, हैलोकार्बन का भारी उत्सर्जन ही जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण है। यह भी सच है कि तीन लाख साल पहले धरती पर नौ मानव प्रजातियों की उत्पत्ति हुई थी। उनमें अब हम अकेले बचे हैं। अपनी सुख, सुविधाओं के लिए लाखों वर्ष पुराने प्राकृतिक स्वरूपों, संसाधनों को इस कदर रौंदा कि नदियां समय से पहले सूखने लगीं, जंगल पेड़ों बिन वीरान हो गए, पहाड़ टूटकर इमारतों खातिर गिट्टियां में तब्दील हुए, पानी से लबालब धरती की कोख सूख-सूख कर पाताल छूने को मजबूर हुई और प्राणदाता वायुमण्डल प्राण विरोधी जहरीली फिजाओं से भर गया। प्रकृति के संग भी तो विकास संभव था, लेकिन तमाम तरह की प्रतिस्पधाओं की होड़ में हम लगातार भूलते गए और अब भी नहीं चेत रहे हैं। बढ़ता वायुमंडलीय तापमान असहनीय होता जा रहा है। उद्योगों, कल कारखानों से उत्सर्जित दूषित गैसें बुरी तरह सांसों को लीलने खातिर अनेकों समस्याएं पैदा कर रही हैं। आंकड़े देखें तो बस 10 बरसों में दुनिया भर में जीवाश्म ईंधन यानी लगभग 65 करोड़ वर्ष पूर्व जीवों के जलने व उच्च दाब और ताप में दबने से बना कोयला, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी के तेल आदि की जितनी खपत की, वह वातावरण को बिगाड़ने खातिर बहुत ज्यादा है। जीवाश्म ईंधन व दूसरी औद्योगिक प्रक्रियाओं के चलते विश्व में कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में 4,578.35 मिलियन मीट्रिक टन की बढ़ोत्तरी क्या हुई कि वायुमंडल गमार्ता मिजाज बेकाबू हो रहा है। यही तो ग्लोबल वार्मिंग है, उसका कारण है।

प्राकृतिक आपदाओं से बीते केवल दो वर्षों में दुनिया भर में बेघर हुए लोगों की संख्या 10 बरसों में सबसे ज्यादा रही। जहां साढ़े पांच करोड़ लोग अपने ही देशों में विस्थापित हुए, वहीं ढाई करोड़ से ज्यादा दूसरे देशों में मजबूरन शरणागत हुए। चीन के हेन्नान में भी एक हजार साल की बारिश का रिकॉर्ड टूटा। बड़ी संख्या में लोग मरे, सड़कें हफ्तों पानी से लबालब रहीं। यूरोप में दो दिन में इतना पानी बरसा, जितना दो महीने में बरसता। नदियों के तट टूट गए। पानी गांवों और शहरों में जा घुसा। जर्मनी, बेल्जियम में सैकड़ों मौतें हुईं। सदियों पुराने आबाद गांव एक ही रात में बह गए। भारत में भी महाराष्ट्र, उप्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, मप्र, बिहार, झारखण्ड प.बंगाल, सहित दक्षिणी राज्यों कुल मिलाकर पूरे देश का काफी बुरा हाल रहा। हर कहीं से बारिश की तबाही खौफनाक तस्वीरों ने जब-तब खूब डराया। अमेरिका के वाशिंगटन और कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में हीट डोम बनने से हवा एक जगह क्या फंसी कि तापमान 49.6 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। अमेरिका के ऑरेगन जंगल की आग ने दो हफ्ते में ही लॉस एंजेलेस जितना इलाका राख कर दिया। सुलगते जंगलों की जलती लकड़ियों का धुंआ न्यूयार्क तक सांसों पर भारी पड़ा। ब्राजील का मध्यवर्ती इलाका भी शताब्दी के सबसे सूखे की चपेट में आ गया और अमेजन के जंगलों के अस्तित्व पर आन पड़ी। पर्यावरणीय असंतुलन से पहले ही बेलगाम बारिश और तपिश ने प्राकृतिक आपदाएं बढ़ा रखी हैं। आगे कितना कहर ढाएंगी, सोचकर सिहरन होती है। चिन्तातुर पूरी दुनिया बैठकों और विचार विमर्श में मशगूल है, नतीजा कुछ निकलता नहीं, उल्टा सब मेरा प्रदूषण-तेरा प्रदूषण में ही उलझ जाते हैं। जलवायु परिवर्तन है क्या? इसकी समझ अभी भी कई लोगों के लिए आसान होकर भी आसान नहीं है। बिना लाग लपेट बस इतना समझ लें तो काफी होगा कि दुनिया में औद्योगिक क्रान्ति की शुरूआत 1850 से 1900 के बीच हुई। उस वक्त धरती का जितना तापमान था, उसे ही मानक इकाई मानकर स्थिर रखना है ताकि पर्यवारण भी स्थिर रहे। बस यही जरा सी नासमझी इंसान के वजूद पर भारी पड़ रही है। हमने विनाश का ट्रेलर देख लिया है, सवाल बस इतना कि आखिर हम चेतेंगे कब?

# इंदिरा को घर नहीं देना चाहते थे मोरारजी

**चंद्रशेखर, पूर्व प्रधानमंत्री**

मैं मानता था कि चुनाव में हराने के बाद इंदिरा गांधी को उनके हाल पर छोड़ देना चाहिए। मैं इस राय का था कि चुनाव में हार जाना ही सबसे बड़ी सजा है। लेकिन कई लोग सरकार में इस राय के खिलाफ थे। खुद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री वगैरह। ये लोग इंदिरा गांधी को जेल भेजना चाहते थे। शाह आयोग बनाते वक्त किसी ने मुझसे बात नहीं की। एक दिन मैं प्राण सब्बरवाल के दफ्तर में था। वहां कई पत्रकारों ने मुझसे पूछा कि क्या इंदिरा गांधी को जेल भेजने की तैयारी चल रही है? मैंने कहा कि मुझे ऐसी कोई जानकारी नहीं है। पत्र-प्रतिनिधियों ने मुझसे कहा कि आजकल गृह मंत्रालय में यह चर्चा जोरों पर है। मैंने वहां कुछ नहीं कहा, वहां से सीधे मोरारजी भाई के घर गया और उनसे पूछा कि क्या गृहमंत्री इंदिरा जी को जेल भेजने की तैयारी कर रहे हैं? प्रधानमंत्री ने इस संभावना को नकारा। इसके राजनीतिक दुष्परिणामों से मैंने मोरारजी भाई को आगाह किया। इसके बाद मैं मुंबई चला गया। शरद पवार के यहां रात्रिभोजन के लिए गया था, सूचना वहीं मिली कि इंदिरा जी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुझे बुरा लगा। मैं दूसरे दिन सवेरे हवाई जहाज से दिल्ली वापस आने ही वाला था। विधायक निवास में अपना सामान लेने गया। वहां से जब सामान लेकर नीचे आया तो कुछ युवक खड़े थे, उनमें से एक ने पूछा कि क्या इंदिरा गांधी गिरफ्तार कर ली गई हैं ? मैंने उनसे कहा कि मैंने सुना है, पर विवरण मुझे मालूम नहीं। वे युवक कांग्रेस के थे। वे इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी पर अपना विरोध जताने के लिए आए थे। उन्हें पता था कि मैं वहां ठहरा हुआ हूं। जब मैं गाड़ी में बैठ गया तो उन्होंने कुछ नारे लगाए। दिल्ली पहुंचने पर सीधे मोरारजी भाई के यहां गया और उनसे पूछा कि यह कैसे हो गया? उन्होंने कहा, ह्यफैसला गृहमंत्री जी का है, पर मैंने फाइल देख ली है।ह्ल मैं उनकी बात सुनकर हैरान रह गया। दूसरे दिन मजिस्ट्रेट ने बिना जमानत लिए इंदिरा जी को रिहा कर दिया। उस दिन किसी मंत्री के यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की अनौपचारिक मीटिंग थी। उसमें मैं भी आमंत्रित किया गया था। मीटिंग के बीच से चौधरी साहब बार-बार बाहर जाकर यह पता लगा रहे थे कि उस केस में इंदिरा जी का क्या हुआ। एक बजे जब वह फिर गए और लौटकर आए तो बहुत उदास थे। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट ने बिना जमानत लिए इंदिरा गांधी को रिहा कर दिया। सब लोग भोजन के लिए उठे।

मैं थोड़ी देर के लिए कमरे से बाहर गया, जब लौटकर आया तो चौधरी साहब और राजनारायण जी की बात सुनकर हैरान रह गया। राजनारायण जी कह रहे थे, ह्यउसे मीसा में बंद करा दीजिएह्ल। चौधरी साहब ने अपनी राय बताई कि वह तो चाहते हैं, पर प्रधानमंत्री तैयार नहीं होंगे। मीसा अभी समाप्त नहीं हुआ था। मैंने दूसरे कमरे में जाकर मोरारजी भाई से पूछा कि क्या ऐसा भी कोई इरादा है? उन्होंने कहा, ह्यबिल्कुल नहीं। गृहमंत्री जी की योजना असफल हुई, वह उससे परेशान हैं और कोई बात नहीं।ह्ल मैं सोचता रहा, पहले तो कह रहे थे कि गिरफ्तारी सही है मजिस्ट्रेट की हैसियत से उन्होंने जो अनुभव प्राप्त किए हैं, उनका हवाला दे रहे थे और आज ऐसी बातें? इन दो बुजुर्गों के बीच काम करना बहुत कठिन था। उनसे कितनी बार मुझे बातें सुननी पड़ती थीं।चुनाव नतीजे आने के बाद मैं एक बार इंदिरा गांधी से मिला। मुझे वहां सब जानते थे। सुरक्षा में तैनात ऑफिसर और कर्मचारियों ने मेरी तरफ ऐसे देखा जैसे कोई भूत आया हो। यह बात लोकसभा चुनाव के तत्काल बाद की है। उन दिनों इंदिरा जी सफदरजंग की अपनी सरकारी कोठी में ही थीं। 12, विलिंग्डन क्रिसेंट तो वह बाद में गईं। बात करते हुए मैंने महसूस किया कि इंदिरा गांधी बेहद परेशान हैं। उनको अपनी और परिवार की चिंता सता रही है। कहने लगीं, ह्यबहुत परेशानी है, लोग आकर बताते हैं कि संजय गांधी को जलील किया जाएगा। दिल्ली में घुमाया जाएगा। मुझे मकान नहीं मिलेगा। हमारी सुरक्षा खत्म कर दी जाएगी।ह्ल इंदिरा गांधी की बात सुनकर मुझे हैरानी हुई। मैं सीधे वहां से मोरारजी भाई के यहां गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या आप उनको मकान भी नहीं देंगे? मोरारजी भाई ने कहा कि नहीं देंगे क्योंकि नियम में नहीं आता। मैंने उन्हें बताया कि जाकिर हुसैन, लाल बहादुर शास्त्री, ललित नारायण मिश्र के परिवार को मकान मिला हुआ है। मोरारजी भाई ने कहा कि उनका भी कैंसिल कर दूंगा। मैंने उनसे कहा कि जिस परिवार ने स्वराज भवन और आनंद भवन देश को दे दिया, जो महिला 17 साल प्रधानमंत्री रहीं, उनको रहने के लिए आप मकान तक नहीं देंगे? मोरारजी भाई से बड़ी बहस हुई। अंत में वह माने, यह कहते हुए कि ह्यजब आप कहते हैं तो मकान दे दूंगा।

# लड़कियों का आत्मसम्मान बढ़ाएं, शादी की उम्र नहीं

**लेखा रत्तनानी**

इस परिवर्तन में यह नहीं देखा गया है कि राज्य ने अचानक स्वयं के लिए परिवारों में हस्तक्षेप करने, व्यक्तिगत पसंद और विकास के मामले में टकराव लाने के लिए अधिक शक्तियां प्राप्त कर ली हैं- खास तौर पर उस समय जब संघर्ष किसी मुद्दे पर बातचीत करने या परिवर्तन को प्रभावित करने का सबसे पसंदीदा तरीका प्रतीत होता है। यह सबसे बड़ा झटका है तथा मानव विकास के विचार के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जब बड़ी संख्या में लोगों को कार्रवाई पर भरोसा नहीं है और परिवर्तन का विचार चल नहीं पाता है, जिनमें वैचारिक अतिक्रमण होने की संभावना होती है तो उस समय कार्रवाई को स्थगित करना सबसे अच्छा होता है। भारत में स्वास्थ्य और विकास के मामले में सभी को शामिल करने वाली अच्छाई लाने के लिए लड़कियों के लिए शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 करना कोई आसान कदम नहीं है। स्वास्थ्य संबंधी कई अन्य मुद्दों पर अधिक ध्यान न दिए जाने के कारण सरकार के इस दावे में दम नजर नहीं आता कि यह बालिकाओं के हित में है। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5 2019-20) का नवीनतम सर्वे हमें बताता है कि बच्चों के साथ-साथ वयस्कों, पुरुषों व महिलाओं, जिनमें गर्भवती स्त्रियां भी शामिल हैं, के बीच एनीमिया (खून की कमी) के बीमारों की संख्या में एनएफएचएस-4 (2015-16) में दर्ज संख्या में वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट में 15-49 वर्ष आयु वर्ग की 57 फीसदी भारतीय महिलाओं में खून की कमी की शिकायत मिली है जबकि एनएफएचएस-4 रिपोर्ट में 53.1प्रति सैकड़ा से अधिक में खून की कमी की सूचना मिली थी। यह महिला और बाल विकास के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की जरूरत की ओर इशारा करता है।

इसके साथ कई सवाल खड़े करता है कि पिछले कुछ वर्षों में खून की कमी की बीमारी क्यों और कैसे बढ़ी हैं। कई अन्य संकेतकों में सुधार हुआ है लेकिन सब कुछ ठीक नहीं है। 18 वर्ष की आयु से पहले शादी करने वाली 20-24 आयु वर्ग की महिलाओं की संख्या 26.8 प्रतिशत (एनएफएचएस-4) से घटकर 23.3 प्रश (एनएफएचएस-5) रह गई है। इससे यह भी पता चलता है कि 18 वर्ष की उम्र से पहले लड़कियों की शादी न करने के बारे में लोगों को समझाने के लिए अभी भी कितना काम करने की जरूरत है।इन चुनौतियों के बीच शादी की उम्र को बढ़ाकर 21 वर्ष करने के प्रस्ताव का मतलब है कि सरकार नियमन और नियंत्रण का विस्तार करने के लिए जो कदम उठा रही है, वे विवादास्पद हैं। यदि विकास के लिए इस तरह के कानून की आवश्यकता है तो सरकारों द्वारा वर्षों से पारित किए गए ढेरों कानूनों को देखते हुए भारत अब तक एक विकसित देश होता। इनमें से प्रत्येक कानून किसी न किसी तरह से राज्य की भूमिका का विस्तार करता है तथा भारत जैसे गरीब देश में राज्य की बलपूर्वक शक्ति का नकारात्मक पक्ष है जो सबसे कमजोर वर्ग के नागरिकों के खिलाफ है। इससे भी बदतर बात यह है कि इस क्षेत्र में पहले से ही सामाजिक दबाव है जो युवा लड़कियों व लड़कों की स्वतंत्रता को नियंत्रित करता है व अपने दम पर अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का रास्ता खोजने से रोकता है तथा किसी न किसी बहाने नैतिक नियंत्रण की व्यवस्था एवं राज्य के हस्तक्षेप के पहलुओं को सामने ला रहा है। मुंबई जैसे शहर में ऐसे हालात हैं कि जहां लोगों ने आपत्ति जताई है, पुलिस ने हस्तक्षेप किया, लड़के-लड़कियों को एक साथ समय बिताने से रोकने के लिए तरह-तरह के अभियान चलाए गए। एक शांत, हरी-भरी जगह पर जाकर समय गुजारने की चाह रखने की इच्छा रखने वाले जोड़ों पर लोगों की नैतिक सजगता का पहरा लग गया है। ऐसा दक्षिण मुंबई में मरीन ड्राइव जैसे लोकप्रिय सार्वजनिक स्थानों में हुआ है जहां नैतिक पहरेदारों को रास्ते से हटाने के लिए पुलिस को बुलाया गया है। यह राजीव गांधी सागर लिंक के एप्रोच रोड पर हुआ है जो मुंबईकरों को समुद्र के ऊपर ड्राइव करने और अपने व्यवसाय के स्थल पर शीघ्र पहुंचने के लिए बनाया गया है। युवा जोड़ों का एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर घूमना कॉलेजों को पसंद नहीं है, युवा जोड़ों के लिए पार्क शांतचित्त से बैठने की जगह न होकर अक्सर मुसीबत की वजह बन जाता है। बड़े समूहों में भी लड़कों और लड़कियों द्वारा कुछ समय बिताने के मसले पर अभी भी कई माता-पिता असहज महसूस करते हैं।

यदि मुंबई जैसे महानगरीय मेगापोलिस में यह स्थिति है तो कल्पना कीजिए कि भारत के अंदरूनी हिस्सों में क्या हालत होगी जहां पूर्वाग्रह तथा नैतिक मानदंड और कड़े हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और वीडियो हैं जिनमें युवा जोड़ों को पीटा गया, लड़की को घसीटकर घर पर सबक सिखाया गया और लड़के को चेतावनी दी गई कि वह वहां फिर कभी दिखना नहीं चाहिए। इस माहौल के चलते जब भी और जहां भी लड़कियों को सक्रिय होने का मौका मिल सकता है तो उन्हें इस नए प्रस्तावित कानून के माध्यम से दूर ले जाया जाता है क्योंकि प्रस्तावित अधिनियम के कारण उनके द्वारा उठाया गया कदम अवैध हो जाता है और उन्हें पैतृक घर में रहने पर विवश होना पड़ेगा। उस लड़की के बारे में सोचिए जिसे अपने माता-पिता और भाइयों की देखभाल में रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है, उनके आदेश मानने पड़ रहे हैं और जो एक विकल्प पाने में असमर्थ है। कई भारतीय परिवारों में अन्य विभिन्न कारणों से एक बेटी को पति और उसके परिवार की संपत्ति के रूप में देखा जाता है जिसे विदा किए जाने की प्रतीक्षा की जाती है- यह अवधारणा पराया धन शब्दों में व्यक्त की गई है। क्या शादी की उम्र की यह कानूनी बढ़ोतरी परिवार को उक्त अवधारणा पर अमल से रोक देगी या क्या वे अभी भी इस उपाय को विफल करने के तरीकों की तलाश नहीं करेंगे और फिर उन तरीकों को ढूंढेंगे जिनमें पारम्परिक फरमान के रूप में लड़की शादी होने और पति के घर जाने तक के समय के दौरान अधिक नियंत्रण के साथ काम करेगी और एक मुश्किल संतुलन बनाएगी? क्या इससे दहेज की मांग कम होगी? क्या यह बालिकाओं को अपनी शिक्षा जारी रखने की अनुमति देगा? या ससुराल में रहने के तरीके सीखने की तैयारी के कारण यह उसके व्यक्तित्व को तबाह नहीं कर देगा? इनमें से किसी भी प्रश्न का समाधान नहीं है। तथ्य यह है कि दहेज के खिलाफ कानून होने के बावजूद दहेज लेना जारी है और सच कहा जाए तो यह स्थिति हाल के दिनों में और भी बदतर हो गई है। इस परिवर्तन में यह नहीं देखा गया है कि राज्य ने अचानक स्वयं के लिए परिवारों में हस्तक्षेप करने, व्यक्तिगत पसंद और विकास के मामले में टकराव लाने के लिए अधिक शक्तियां प्राप्त कर ली हैं- खास तौर पर उस समय जब संघर्ष किसी मुद्दे पर बातचीत करने या परिवर्तन को प्रभावित करने का सबसे पसंदीदा तरीका प्रतीत होता है। यह सबसे बड़ा झटका है तथा मानव विकास के विचार के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जब बड़ी संख्या में लोगों को कार्रवाई पर भरोसा नहीं है और परिवर्तन का विचार चल नहीं पाता है, जिनमें वैचारिक अतिक्रमण होने की संभावना होती है तो उस समय कार्रवाई को स्थगित करना सबसे अच्छा होता है। परिवर्तन की जल्दबाजी करने के बजाय उस पर चर्चा, बहस और परिवर्तन के लिए अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। इस सप्ताह के शुरू में लोकसभा में इस विधेयक को पेश करते समय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी का भाषण शानदार नहीं था। इस विधेयक के बारे में फिलहाल सबसे अच्छी बात यह कही जा सकती है कि सरकार इस पर उचित बहस के लिए संसदीय प्रवर समिति के पास भेजने पर सहमत हो गई है। किसी भी सूरत में इस विधेयक पर जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में महिलाओं के लिए शादी की औसत आयु पहले से ही 22.1 वर्ष है। अगर अभी भी शादी की उम्र बदलने की जरूरत है तो ज्यादा विकल्पों की तलाश जरूर की जानी चाहिए। यदि समानता वांछित है तो इसे प्राप्त करने का एक तरीका यह है कि लड़कियों की शादी की उम्र 21 वर्ष की करने के बजाय लड़कों के लिए शादी की उम्र को 18 वर्ष तक कम किया जाए। यह एक उचित मुद्दा है कि जो नागरिक मतदान कर सकते हैं, उन पर वयस्कों के रूप में किसी भी अपराध के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है, उन्हें कम से कम शादी करने का न्यूनतम अधिकार होना चाहिए । लड़कियों का आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए जरूरी है कि एक निर्दयी कानून व्यवस्था के चक्रव्यूह में फंसकर पुलिस केस या अदालत के कमरे के साथ जीवन का एक नया चरण आरंभ करने के बजाय उन्हें खुद का फैसला लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# तेज इकॉनमी के लिए चाहिए मजबूत मांग

**भरत झुनझुनवाला**

भारत विश्व की सबसे तेज चलने वाली अर्थव्यवस्था बन चुकी है, लेकिन चुनौतियां बरकरार हैं। हमारी परिस्थिति उस व्यक्ति जैसी है, जो पहाड़ से नीचे गिरने के बाद फिर से पहाड़ पर सबसे तेज चढ़ रहा होता है। ऐसी चढ़ाई को तेज विकास नहीं बल्कि तेज क्षतिपूर्ति कहना चाहिए। ऐसा भी कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बीमारी से सबसे तेजी से निकल रही है। लेकिन बीमारी से निकलने वाले को दौड़ में अव्वल नहीं कहा जा सकता। तमाम आकलनों के अनुसार, इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था में मांग नहीं है। रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि डिमांड कमजोर है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि घरेलू खपत को बढ़ाना जरूरी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी ने कहा है कि 2019-20 में जीडीपी में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन खपत में 7.2 प्रतिशत की। यानी फैक्ट्रियां माल बना कर स्टॉक कर रही हैं। मांग का अभाव है। एशियन डिवेलपमेंट बैंक ने भी कहा है कि बाजार में मांग असल में सरकारी प्रशासन और रक्षा के क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही है। इनके अनुसार भी जनता की खपत कमजोर है। इन आकलनों के विपरीत यह भी सही है कि कृषि में उत्पादन बढ़ रहा है। लेकिन कृषि उत्पादन बढ़ने और कृषि उत्पादन की खपत होने में मौलिक अंतर है। कृषि उत्पादन का निर्यात अधिक हो रहा दिखता है। बिजली की खपत में वृद्धि तेल की बढ़ी हुई कीमतों के कारण हो सकती है। लोगों ने डीजल जनरेटर चलाना और निजी कार में सफर करना कम कर दिया है। जीएसटी की वसूली बढ़ रही है। लेकिन यह बड़े उद्योगों में उत्पादन बढ़ने के कारण दिखती है। छोटे उद्योगों के उत्पादन में गिरावट और बड़े उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि बराबर होने से कुल उत्पादन बराबर है, लेकिन जीएसटी की वसूली बढ़ रही है। जैसे- हैंडलूम के स्थान पर पॉवरलूम से उत्पादन किया जाए तो बिजली की खपत और जीएसटी दोनों बढ़ जाती हैं। हालांकि उत्पादन और खपत उतनी ही रहती है। घरेलू मांग के अभाव में आर्थिक विकास का गति पकड़ना कठिन ही दिखता है। यह वैसा ही है, जैसे घर की रोटी के अभाव में स्पोर्ट्सवुमन का बढ़ना कठिन होता है।

इस परिस्थिति में सरकार की नीति है कि उत्पादन को और सस्ता बनाया जाए। रिजर्व बैंक ने तरल मुद्रा नीति लागू कर रखी है। रिजर्व बैंक की ओर से बैंकों को आसान दर पर पर्याप्त लोन दिया जा रहा है, जिससे कि ब्याज दर कम रहे और वे उद्योगों को लोन दे सकें। सोच यह है कि इससे उद्योगों की उत्पादन लागत कम आएगी, बाजार में माल के दाम गिरेंगे, सस्ते माल के लालच में लोग खरीदारी करेंगे। जैसे कि सेल लगी हो तो लोग दुकानों पर टूट पड़ते हैं। सरकार ने बड़ी कंपनियों पर आयकर में भी कटौती की है और उत्पादन से लिंक करके प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे कंपनियों का उत्पादन बढ़े। जैसे कपड़ा फैक्ट्री को यदि लोन सस्ता मिले, उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि मिले और आयकर कम देना पड़े तो वह कपड़े को 25 रुपये प्रति मीटर के स्थान पर 22 रुपये प्रति मीटर में बेचने को तत्पर हो सकती है। लेकिन 22 रुपये प्रति मीटर कपड़े खरीदने वाले खरीदार उपस्थित न हों तो बात नहीं बनेगी। जैसे तीन वर्ष पहले पालनपुर के किसानों को 5 रुपये प्रति किलो में भी आलू के ग्राहक नहीं मिले थे और उन्होंने सड़क पर आलू डंप कर दिए थे। यही इस समय चुनौती है। खरीदार नदारद है। इस जकड़न को तोड़ने के लिए दूसरी वैकल्पिक नीति पर विचार करना जरूरी है। सप्लाई के स्थान पर डिमांड को बढ़ाया जाए। जैसे बाजार में मास्क की डिमांड बढ़ती है तो मास्क बनाने की नई फैक्टिरियां स्वतः लग जाती हैं, वे सस्ते लोन को नहीं देखती हैं। डिमांड बढ़ाकर आर्थिक विकास हासिल करना ठोस परिणाम देता है। मास्क की डिमांड होती है तो जैसे-तैसे उत्पादक मास्क का उत्पादन करके बाजार में उपलब्ध करा ही देते हैं। लेकिन सरकार ने सप्लाई बढ़ाने की नीति को अपनाया है। इस नीति में माल की बिक्री अनिश्चित रहता है। एशियन डिवेलपमेंट बैंक द्वारा जो बताया गया कि वर्तमान डिमांड मुख्यतः प्रशासन और रक्षा के क्षेत्रों में है, यह वास्तव में संकट का संकेत है। प्रशासनिक खर्च में सरकारी कर्मियों के वेतन और सरकारी ठेकों में रिसाव सम्मलित होता है। संभव है कि सरकारी कर्मियों और नेताओं द्वारा रकम को विदेशों में भेजा जा रहा हो। मान लीजिए, किसी सरकारी कर्मी या नेता ने भारत से 100 करोड़ रुपये की राशि दूसरे देश को भेज दी। वहां मकान बनाया। उस मकान को बनाने में भारत से ऐल्युमिनियम का निर्यात हुआ। ऐसे में हमारी ही राशि से मांग विदेश में पैदा होती है, न कि अपने देश में। रिजर्व बैंक ने भी इस संभावना के प्रति संकेत किया है। कहा है कि निर्यात की मांग से भारतीय अर्थव्यवस्था के चलने की संभावना है। ठीक वैसे ही, जैसे घर का बच्चा रेस्तरां में मांग बढ़ा सकता है। बहरहाल, कायदे से घरेलू मांग बढ़ाने के लिए सरकार को दो नीतियों पर विचार करना चाहिए।

# ठंड के बावजूद शहर से गांव तक मना नव वर्ष 2022 का जश्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भीषण ठंड के बीच नए वर्ष का उत्साह लोगों में दिखाई दिया। रात बारह बजे से ही मोबाइल पर नये वर्ष का संदेश आना शुरू हो गया था जो दिन भर चला। सुबह तो ठंड प्रचण्ड थी, लोग घरों में ही एक दूसरे को शुभकामना भेज रहे थे लेकिन दोपहर बाद धूप निकलते ही लोग घरों से बाहर निकले। बच्चे घूमने निकले। किसी ने खिलौना लिया तो किसी ने चश्मा।

कोई देवी मंदिर में गया तो कोई चर्च में जाकर अपने ईष्ट देवों से कोरोना से मुक्ति की प्रार्थना किया। क्रिश्चियन समाज सुबह से ही चर्च में पहुंचकर नये वर्ष का जश्न मना रहे थे। इस अवसर पर प्रार्थना सभा भी हुई। नगर के बेल्हा देवी मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। बेल्हा देवी मंदिर को आकर्षक ढंग से फूलों द्वारा सजाया गया था। लोग बेल्हा देवी के घाटों पर बैठकर सुहावने मौसम का आनंद उठा रहे थे। इस दौरान सई नदी में नाव के सहारे लोगों ने बोटिंग का भी आनंद उठाया। वैसे आज नव वर्ष पर गुलाब के फूलों की बिक्री खूब हुई। गुलाब के फूलों के दाम भी आज बढ़ गये थे। 20-20 रुपये का एक गुलाब धड़ल्ले से बेंचा जा रहा था। ट्रेजरी चैराहे के समीप 20 रुपये प्रति गुलाब लोगों ने खरीदा। वैसे टक्करगंज में भी हनुमान मंदिर के सामने भी गुलाब की बिक्री हो रही थी। गुलाब आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक माना जाता है इसलिये नये वर्ष पर अपने प्रियजनों को गुलाब भी भेंट किया गया। शहर से गांव तक नये वर्ष का जश्न लोगों ने अपने-अपने तरीके से मनाया। युवाओं में ज्यादा जोश देखा गया।

## मंदिरों में उमड़ी भीड़, 20-20 रुपये में बिका एक गुलाब



नव वर्ष पर फूलों से सजा बेल्हा देवी मंदिर।

## बेल्हा देवी धाम पर उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़

**प्रतापगढ़।** आने वाले साल में खुशियां अपार हो। सब ओर मंगल ही मंगल हो। शनिवार को माँ बेल्हा देवी धाम में उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़ ने नये साल का स्वागत कुछ इस अंदाज में किया। सुंदर कांड,आरती और महाप्रसाद की भीड़ से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। मत्था टेकने वालों का तांता देर शाम तक लगा रहा। जनकल्याण के उद्देश्य से मेडिकल कालेज पुरुष अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक मनोज खत्री के आयोजन में सुंदर कांड पाठ हुआ। राकेन्द्र शर्मा रामायणी की मंडली ने भजन प्रस्तुत किया। 51 किलों लड्डू का भोग हनुमानजी को लगा। महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग उमड़ पड़े। प्रदीप यादव, सतीश, शनि, सप्रू और मोहक प्रसाद वितरण की व्यवस्था में लगे रहे।

## लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई धनराशि

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से जनपद प्रतापगढ़ के 123015 लाभार्थियों के बैंक खातों में तृतीय त्रैमासिक किश्त की धनराशि प्रति माह 500 रुपये की दर से कुल रू0 1880.99 लाख प्रेषित कर दी गयी है।



जरुरतमंदों को कम्बल देते जीआरपी एसओ।

# जीआरपी एसओ ने जरुरतमंदों को बांटा कम्बल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस वसूली के लिये बदनाम है। लेकिन सभी ऐसे नहीं हैं। ऐसे लोग भी है जो जरूरतमंदों की मदद कर छवि को सुधारने में लगे हैं। जीआरपी एसओ पप्पू यादव ने गरीबों में कम्बल वितरित कर यह संदेश देने का सार्थक प्रयास किया है। नये वर्ष पर उन्हें 101 कम्बल वितरित करने का बीड़ा उठाया है।

शनिवार को इसकी शुरूआत उन्होंने थाने पर की। जिसमें दर्जनों गरीबों, सफाई कर्मियों, रिक्शा चालकों को कम्बल दिया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद इंसानियत का तकाजा है। बताया कि इसके पहले वे जहां भी रहे। गरीब लड़कियों की शादी कराई। मंदिरों का निर्माण कराया। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में उनकी रूचि रहती है। वे आगे भी गरीबों की मदद करते रहेंगे। थाने पर किसी को भी बिना वजह परेशान नहीं होना पड़ेगा। बता दें कि जीआरपी थाने पर गरीबों को कंबल वितरण का पहला मौका है। हालांकि इसके पूर्व के कई एसओ अपने स्तर से जरूरतमंदों, गरीबों और बच्चों की मदद कर चुके हैं। इस मौके पर एसएम डीके शर्मा, गार्ड अजय मिश्रा, उपनिरीक्षक जाकिर हुसैन, हेड मोहर्रिर विनोद कुमार, अजय प्रजापति, सूरज, विनोद, धर्मेंद्र, मनोज कुमार समेत कई रेल कर्मी और सिपाही मौजूद थे।

## तीन जनवरी तक होगा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने बताया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत जनपद-प्रतापगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जारी अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी के लाभार्थियों के राशनकार्डो में माह दिसम्बर, 2021 के द्वितीय वितरण चक्र में निःशुल्क खाद्यान्न पांच किग्रा0 (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) प्रति यूनिट की दर से वितरण किया जा रहा था जिसकी तिथि बढ़ाकर तीन जनवरी कर दी गयी है। उन्होंने यह भी बताया है कि जिन कार्डधारकों को आधार प्रमाणी से खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, उन्हें मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से तीन जनवरी तक राशन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी जनपद-प्रतापगढ़ को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में पात्र कार्डधारक खाद्यान्न पाने से वंचित न रहें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# रोजगार मेले का आयोजन पांच को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में पांच जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से निजी क्षेत्र की सिक्योरिटी कम्पनी जी-4-एस सेक्यूर सलुशन (इण्डिया) प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सेक्योरिटी गार्ड के पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है।

शैक्षिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आयु 18 से 35 वर्ष तथा ऊँचाई 5 फुट 7 इंच (170 सेमी0) होनी चाहिये। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। उन्होने वेतन के अतिरिक्त सुविधाओं के सम्बन्ध में बताया है कि ईएसआई की सुविधा (परिवार का मुफ्त इलाज व वेतन स्वयं की बीमारी के दौरान), पीएफ की सुविधा (10 वर्ष की नौकरी में पेंशन की सुविधा), हर वर्ष दीपावली पर बोनस की सुविधा, वर्ष में 35 दिन की छुट्टी वेतन सहित, ग्रेच्युटी 5 साल के बाद, सीनियारिटी के अनुसार प्रमोशन, रू0 3 लाख तक एक्सीडेंटल इंश्योरेन्स व आपातस्थिति में परिवार को रू0 75000 एक्सग्रेसिया की सुविधा मिलेगी। आनलाइन आवेदन के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के पश्चात उन्हें पुनः रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्व से वेबपोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई0डी0 द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में सम्पर्क कर सकते है।

## जिले की 1054 आशाओं को स्मार्ट फोन का किया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय द्वारा आशाओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। जनपद की कुल 1054 आशाओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा, डी0पी0सी0 आयुष्मान भारत डा0 सुधाकर सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राजशेखर, जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर मो0 नाजिम व अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी एवं विभिन्न ब्लाकों से आयी हुई आशायें उपस्थित रही।

# यूको बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई

## सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के विदाई समारोह में मौजूद लोग।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** यूको बैंक प्रतापगढ़ के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ललित पांडे के अवकाश ग्रहण करने पर आज उनका सम्मान समारोह शहर के एक होटल में आयोजित किया गया। समारोह में बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही प्रबुद्धजनों, शिक्षकों अधिवक्ताओं एवं सम्मानित ग्राहकों ने सहभागिता की।

वक्ताओं ने कहा कि श्री पांडे ने 40 वर्षों की सेवा निर्विवाद एवं बेदाग पूरी की। बैंकिंग सेवा में रहते हुए भी उन्होंने समाज सेवा को प्राथमिकता दी। गरीबों एवं वंचितों की सेवा के लिए वे सदैव काम करते रहे। यूको बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक कुमार तथा यूको बैंक की प्रतापगढ़ में स्थित अन्य शाखाओं के प्रबंधकों एवं कर्मचारियों ने श्री पांडे को उपहार भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एमडी पीजी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता ओम प्रकाश त्रिपाठी, भानु प्रताप पांडे, डॉ देवमणि तिवारी, ब्रह्मदीपक राज मिश्र, राजाराम दुबे, घनश्याम द्विवेदी, सुरेंद्र प्रसाद पांडे, सौरभ पांडे, पंकज दुबे, तीर्थराज मिश्र, सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश सिंह आदि ने सहभागिता कर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक का अभिनंदन किया।

## रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक को दी गई विदाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामगोपाल शुक्ल को शनिवार को साथी कर्मचारियों ने समारोहपूर्वक विदाई दी। तहसील सभागार मे लेखपाल संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह व लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी ने रामगोपाल को शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन उपाध्यक्ष केके सरोज ने किया। इस मौके पर तहसीलदार जावेद अंसारी, नायब तहसीलदार कैलाश नाथ यादव, रामबिहारी मिश्र, राकेशकांत मिश्र, प्रदीप सिंह आदि रहे।

# विकासवादी सोच से रामपुरखास में विकास का उज्ज्वल दर्पणः प्रमोद तिवारी

## सीडब्ल्यूसी मेंबर ने साढ़े तीन करोड़ की पेयजल परियोजना का शिलान्यास




पेजजल परियोजना का भूमिपूजन करते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से पूरे जनई गांव मे तीन करोड़ तैतालिस लाख चालीस हजार की लागत से निर्मित होने वाली पेयजल योजना की सौगात ग्रामीणों को सौपी।

यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास आज पूरे प्रदेश मे विकास का उज्ज्वल दर्पण इसलिए नजर आ रहा है क्योंकि यहां की जनता की भी सोच विकास को मजबूती प्रदान किया करती है। उन्होंनें क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे पेयजल स्कीम को प्रभावी बनाने के मिशन की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को बहुमुखी मजबूती मिल सकेगी। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्र मे सड़क तथा बिजली एवं शिक्षा के क्षेत्र मे वृहद योजनाओं को प्रभावी बनाये रखना रामपुरखास की स्वयं की आत्मनिर्भरता का भी स्वर्णिम अध्याय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद ने लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं से भी मुलाकात की।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** सत्र न्यायाधीश संजय शंकर पांडेय ने रेखा देवी पत्नी निवासी मेडुआडीह थाना फतनपुर को हत्या व हत्या के प्रयास के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 15 हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया है। वादी मुकदमा राममूर्ति यादव ने थाना फतनपुर में तहरीर दिया कि उसकी बहू रेखा देवी के एक लड़का आदर्श 10 वर्ष, दो लड़कियां क्रमशः स्वीटी पांच वर्ष एवं इसानी 4 वर्ष की है। घटना 6 नवंबर 2019 समय लगभग 5 बजे शाम के समय परिवार के लोग खेत में धान कटाई करने गए थे,उसकी बहू रेखा तीनों बच्चों को लेकर घर के सामने कुएं में यह जानकर कि बच्चे अबोध है, तैरना नहीं जानते, वंश समाप्त कर देने के लिए कूद गई। जानकारी होने पर गांव के लोगो की मदद से कुए से निकालने का प्रयास किया गया। लड़का आदर्श व लड़की स्वीटी की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई तथा बहू रेखा व छोटी बच्ची इसानी को जिंदा निकाल लिया गया। बहू रेखा देवी द्वारा स्वयं आदर्श व स्वीटी की हत्या एवं इसानी की हत्या का प्रयास तथा खुद आत्महत्या का प्रयास किया गया है। मृतक बच्चों का शव दरवाजे पर पड़ा था। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी क्रिमिनल योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने किया।



तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी।

# जनता की शिकायतों का निस्तारण गंभीरता से कराएंः डीएम

## तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लम्बित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।

इस अवसर पर पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। तहसील सदर में जन सामान्य के द्वारा कुल 65 शिकायतें विभिन्न विभागों से सम्बन्धित दर्ज करायी गयी जिनमें से 11 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। तहसील सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से 24 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 25, विकास विभाग से 02, चकबन्दी विभाग से 01 एवं 13 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में आयीं अस्सी शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस मे अस्सी शिकायतो मे से दो का अफसरो ने निस्तारण किया। सर्वाधिक शिकायते राजस्व की इक्तालिस, पुलिस की बारह, विकास चार, बेसिक शिक्षा दो व अन्य विभागों से इक्कीस रहीं। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए राजस्व विभाग से जुड़ी दो शिकायतों का निस्तारण कराया। वहीं एसडीएम ने मातहत अफसरो को शिकायतो के निस्तारण को मौके पर पहुंचकर समयबद्ध कराने को कहा। एसडीएम ने समाधान दिवस मे आने वाली शिकायतो के निस्तारण मे लापरवाही को लेकर राजस्व महकमे के कई कर्मचारियो को कडी फटकार भी लगाई। समाधान दिवस का संचालन तहसीलदार जावेद अंसारी ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार कैलाशनाथ यादव, ईओ सुभाषचंद्र सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर, बीईओ रिजवान अहमद, प्रभारी सीडीपीओ पूर्णिमा मिश्रा आदि रहे।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा के उ0नि0 विनय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के शहाबपुर मोड़ के पास से दो व्यक्तियों राहुल गौतम पुत्र राम हरख गौतम व संदीप कुमार सरोज पुत्र सूबेदार सरोज नि0गण करीम नगर, चैसा थाना कुण्डा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की एक अदद स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल, जिस पर गलत नम्बर अंकित था बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि यह मोटर साइकिल हम लोगों ने काफी समय पहले कानपुर शहर से चोरी किये थे। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्त राहुल गौतम उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 01/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तथा गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0 02/22 धारा 411, 420, 467, 468 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

उधर थाना बाघराय के उ0नि0 धनन्जय राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के महेशगंज-बिहार मार्ग के पास से चोरी की एक अदद स्प्लेण्डर मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्त संदीप शाहू पुत्र भोला शाहू नि0 सुदीन का पुरवा, देवरपट्टी थाना बाघराय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है जिसे हमने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बिहार पेट्रोल पम्प के पास लगे मेले से चोरी किये थे। बरामद मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्रो की चोरी के सम्बन्ध में थाना बाघराय पर मु0अ0सं0 344/21 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उधर थाना कुण्डा से उ0नि0 शिवमूरत सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के भदरी चैराहे के पास से एक व्यक्ति धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बंगाली पुत्र स्व0 राम अभिलाष सिंह नि0 खीचर का पुरवा, भदरी थाना कुण्डा को चार देसी बम व 144 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना संग्रामगढ़ से उ0नि0 अखिलेश राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के कुशेमर चैराहे के पास से एक व्यक्ति आलोक सिंह पुत्र जीतेन्द्र प्रताप सिंह नि0 असोग थाना संग्रामगढ़ प्रतापगढ़ को 550 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना बाघराय पर मु0अ0सं0 02/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज के उ0नि0 विनीत कुमार उपाध्याय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के रानीगंज कैथोला से मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों विनय सरोज पुत्र उमेश सरोज व रिंकू सरोज पुत्र छेदीलाल नि0गण राजापुर अर्जुनपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त विनय सरोज उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त रिंकू सरोज उपरोक्त के कब्जे से दो अदद जिन्दा कारतूस बराम किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्त विनय सरोज उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 01/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तथा अभियुक्त रिंकू सरोज उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 02/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

इनसेट में-

# समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## हिना नर्सिंग होम सिराथू
## डॉ. हिना खान
स्त्री रोग विशेषग्य
24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध है

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## नितीश कुमार यादव
प्रवक्ता जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान

मेहता रोड भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## कौशलेन्द्र मिश्रा
प्रवक्ता जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान

जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## जय पाल उर्फ जैकी
जिलाध्यक्ष
अपना दल कमेरिवादी

जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## मैकू लाल यादव
एडीओ
पंचायत ब्लाक मूरतगंज

जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## डॉ किरन पाण्डेय

अधिकारी मूरतगंज जनपद-कौशाम्बी
## अलोक द्विवेदी

शिक्षक मूरतगंज जनपद-कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## ओम बाबा तिवारी
समाजसेवी

बक्सी का पूरा गोराजू जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## डॉ नीरज सिंह
पीएचसी केन्द्र

इस्माइलपुर कड़ा जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## इम्तियाज किसान सेवा केन्द्र

सैबसा करारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## डॉ सुनील सिंह
प्रभारी
प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र

मूरतगंज जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## जय श्री कलेक्शन
प्रो0
राजेश केशवानी

बस स्टाप भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## शिव मोहन मौर्य
जिला सहकारी बैंक
प्रयागराज/कौशाम्बी


नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## डॉ प्रबोध कुमार श्रीवास्तव
प्राचार्य
भवंस मेहता महाविद्यालय

मेहता रोड भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## पवन सिंह
ग्राम प्रधान
भइला जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## मिश्री लाल उचित दर विक्रेता
तियरा जमालपुर करारी
जनपद कौशाम्बी


नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## जन जीवन पाली क्लीनिक
## डॉ नवीन राय
जनरल फिजिशियन

भरवारी रोड मुकीमपुर करारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## उमा केशरवानी पत्नी आशोक केशरवानी
प्रबंधक
कौशाम्बी इण्डियन गैस एजेंसी

बस स्टाप भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## आकास कुमार सिंह
जूनियर इंजीनियर पावर हाउस

भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## कमलेश कुमार केशरवानी
अवकास प्राप्त विकास अधिकारी
भारतीय जीवन बीमा निगम

भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## राम सुन्दर दास केशरवानी
प्रबंधक
भारतीय जीवन बीमा निगम

मेहता रोड भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## कृष्ण स्वरूप झा
अवकास प्राप्त
ग्राम पंचायत अधिकारी

बस स्टाफ मझियावा भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## अवनीश खरे
सहायक ब्रांच
मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक

नया बाजार भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## जगदीश प्रसाद
शिव हरे समाज सेवा
एवं वरिष्ठ भाजपा नेता

भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## आरपी मिश्रा
एडवोकेट आयकर जीएसटी अध्यक्ष
जिला कर अधिवक्ता संघ कौशाम्बी
एंव प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश संगठन

भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## कन्हैया लाल केशरवानी
अभिकर्ता
भारतीय जीवन बीमा निगम

मेहता रोड भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## नियामतउल्ला
## ग्राम प्रधान

बमरौली सिराथू जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## राम कैलाश पाल ग्राम प्रधान
## नरेंद्र नाथ सिंह
ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम सभा तैयबपुर जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## माता मानती नर्सिंग होम
संचालक - डॉ चैन सिंह
सभी प्रकार के ऑपरेशन एवं डिलेवरी
कुशल डॉक्टरों एवं नर्स के द्वारा किया जाता है।
चन्दवारी चौराहा जी टी रोड मूरतगंज जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## मनु क्लीनिक
## डॉ आर के शर्मा

दरियापुर गुवारा जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## सतीश पाण्डेय
प्रधानाध्यापक

दरियापुर मझियावा भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## खुशहाल क्लीनिक
## डॉ. आजाद

बिसारा भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## शिवम् ट्रेडर्स

प्रो0
मुन्ना लाल केशरवानी
शिशु मंदिर कालोनी भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## केयर आफ आस्था रेडीमेट गार्मेनेट्स
प्रो0 सुशील केशरवानी

बस स्टाफ मझियावा भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## त्रिभुवन सिंह
प्राथमिक विद्यालय

रामचरन का पूरा टेवा
जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## रविन्द्र कुमार मिश्रा
प्रधानाध्यापक
एवं कोषाध्यक्ष प्राथमिक विद्यालय

मुरतगंज परसरा भरवारी जनपद कौशाम्बी

नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
## आनंद कुमार उपाध्याय
मंडी निरीक्षक
निवेदक- के के सिंह

मेहता रोड भरवारी जनपद कौशाम्बी

### साल 2022 में टीम इंडिया किन देशों के खिलाफ खेलेगी क्रिकेट

साल 2021 में भारत ने विदेशी दौरे में टेस्ट सीरीज में षानदार प्रदर्शन किया। साल 2022 में भारत अपने इस प्रदर्शन को दोहाराना चाहेगी। विराट कोहली के पास टेस्ट टीम की कप्तानी हैं। वहीं रोहित शर्मा को लिमिटेड ओवरों की जिम्मेदारी सौंपी गई। साल 2022 में भारत को कई महत्वपूर्ण दौरे करने हैं और घरेलू सीरीज खेलनी है। भारत को इस साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप भी खेलना है। इस साल आईपीएल में 10 टीमें शामिल होंगी। इसका इंतजार भी हर क्रिकेट फैंस को बेसब्री से है। आइए साल 2022 में टीम इंडिया के शेड्यूल पर एक नजर डालते हैं। विराट कोहली इस समय साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम इंडिया इस समय 1-0 से आगे चल रही है। भारत ने पहले टेस्ट में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के मजबूत किले को ढहाया। भारत की नजरें अब साउथ अफ्रीकी में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने पर हैं।

## जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम का उपकप्तान बनाकर सिलेक्टर्स ने ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को दी कौन सी चेतावनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शायद ही किसी को यह उम्मीद थी भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कामचलाऊ व्यवस्था के लिए ही सही टीम का उपकप्तान नियुक्त किया जाएगा लेकिन अब यह स्पष्ट है कि सिलेक्टर्स ने इस तेज गेंदबाज को तीनों फॉमेटों में निरंतर अच्छे प्रदर्शन का इनाम दिया है। चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जांचे परखे ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को नजरअंदाज करके बुमराह को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के लिए वनडे टीम का उप कप्तान नियुक्त किया है। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में केएल राहुल इस श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। चयनसमिति के करीबी सूत्रों पर विश्वास करें तो बुमराह की उप कप्तान के रूप में नियुक्ति पंत और अय्यर के लिए स्पष्ट संदेश है कि उन्हें सभी फॉमेटों में निरंतरता दिखानी होगी। बुमराह 2016 से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से निरंतर अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, यह व्यवस्था एक सीरीज के लिए है क्योंकि रोहित (चोट के कारण बाहर) का वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में वापसी करना तय है और तब राहुल उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

